▪ कार्तिक कृष्ण - 2 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 86 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 19-10-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 नकवी की मुसलमानों से अपील: भाजपा से एलर्जी से नहीं रखें, उस पर विश्वास करें

6 'वोकल फॉर लोकल' से चीन को लगेगा भारी फटका

7 स्टार परिवार अवॉर्ड्स के लिए उत्साहित रहती हैं श्रीतमा मित्रा

## फर्स्ट टेक

### नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री लामिछाने सहकारी घोटाले में गिरफ्तार

**काठमांडू/भाषा।** नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री रबी लामिछाने को सहकारी समितियों से संबंधित धन की हेराफेरी के मामले में शुक्रवार शाम यहां उनके पार्टी कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया गया। केंद्रीय जांच ब्यूरो की टीम ने राजधानी के बाहरी इलाके बनस्थली स्थित कार्यालय में छापेमारी की और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष 50 वर्षीय लामिछाने को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले, कास्की जिला न्यायालय ने सूर्यदर्शन सहकारी निधि गबन मामले में पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। संसदीय जांच समिति ने पाया था कि सूर्यदर्शन सहकारी समितियों से संबंधित 1.35 अरब रुपये का दुरुपयोग किया गया।

### यूपीएससी ने इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा-2025 स्थगित की

**नई दिल्ली/भाषा।** संघ लोक सेवा आयोग ने शुक्रवार को अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा की तैयारी के उद्देश्य से 'पर्याप्त समय' देने के लिए इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा-2025 स्थगित कर दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी है। बयान में कहा गया है, ईएसई 2025 के उम्मीदवारों को परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने के लिए आयोग ने ईएसई (प्रारंभिक) और ईएसई (मुख्य) परीक्षा, 2025 को स्थगित करने का निर्णय लिया है। यूपीएससी द्वारा जारी बयान में कहा गया है, ईएसई (प्रारंभिक) 2025 आठ जून 2025 को और ईएसई (मुख्य) 2025 परीक्षा 10 अगस्त 2025 को आयोजित की जाएगी।

### पंजाब के कपूरथला में किसानों ने ट्रेन रोकी

**कपूरथला/भाषा।** धान की खरीद में कथित तौर पर देरी के विरोध में शुक्रवार को बड़ी संख्या में किसानों ने सुलतानपुर लोधी रेलवे स्टेशन पर रेल की पटरी को अवरुद्ध कर दिया और जम्मू जाने वाली सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन को लगभग 90 मिनट तक रोके रखा। जिला प्रशासन द्वारा धान के उठाव में तेजी लाने का आश्वासन दिए जाने के बाद ही वे रेल की पटरी से हटे। पुलिस अधीक्षक सरबजीत सिंह राय ने बताया कि किसानो के पटरी से हटने के बाद ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गयी। स्टेशन मास्टर विपिन कुमार ने बताया कि ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे की देरी से शाम 16:46 बजे कपूरथला पहुंची। किसान मजदूर संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष सरवन सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि धीमी खरीद के कारण किसानों को अपनी उपज न्यूनतम विक्रय मूल्य से भी कम पर बेचनी पड़ रही है।

सूर्यास्त 19-10-2024 5:47 बजे | सूर्योदय 20-10-2024 6:00 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 81,224.75 (+218.14) | 24,863.40 (+113.55) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,953 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | 101,000 रु. प्रति किलो |




## हिंदुओं के मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर वैश्विक चुप्पी पर धनखड़ ने उठाये सवाल

▪ उपराष्ट्रपति धनखड़ ने साथ ही कहा कि कुछ हानिकारक ताकतें भारत की 'खराब छवि' पेश करने की कोशिश कर रही हैं और उन्होंने ऐसे प्रयासों को बेअसर करने के लिए 'प्रतिघात' करने का आह्वान किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत के पड़ोस में हिंदुओं के मानवाधिकार उल्लंघन का जिक्र करते हुए इस मुद्दे को लेकर दुनिया की चुप्पी पर शुक्रवार को सवाल उठाया और कहा कि इस तरह के उल्लंघन के प्रति ''अत्यधिक सहिष्णु'' होना उचित नहीं है।

धनखड़ ने ''तथाकथित नैतिक उपदेशकों, मानवाधिकारों के संरक्षकों की गहरी चुप्पी'' पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी असलियत सामने आ गई है। उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''वे ऐसी चीज के भाड़े के टट्टू हैं जो पूरी तरह से मानवाधिकारों के प्रतिकूल है।'' उन्होंने कहा कि ''हम बहुत सहिष्णु'' हैं और इस तरह के अपराधों के प्रति अत्यधिक सहिष्णु होना उचित नहीं है।

धनखड़ ने लोगों से आत्मचिंतन करने की अपील करते हुए कहा, ''सोचिए कि क्या आप भी उनमें से एक हैं।'' उन्होंने कहा, ''लड़के, लड़कियों और महिलाओं को किस तरह की बर्बरता एवं यातना और मानसिक आघात झेलना पड़ता है, उस पर गौर कीजिए।'' उन्होंने कहा, ''देखिए कि हमारे धार्मिक स्थलों को अपवित्र किया जा रहा है।''

बहरहाल, उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने साथ ही कहा कि कुछ हानिकारक ताकतें भारत की ''खराब छवि'' पेश करने की कोशिश कर रही हैं और उन्होंने ऐसे प्रयासों को बेअसर करने के लिए ''प्रतिघात'' करने का आह्वान किया।

### प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आतंकवादी संगठन पीएफआई पर लगाये आरोप, कहा

## इस्लामिक 'जिहाद' के जरिए भारत में गृहयुद्ध शुरू करना चाहता था पीएफआई

▪ पीएफआई ने विरोध के अहिंसक तरीकों का इस्तेमाल करने का दावा किया है लेकिन साक्ष्यों से पता चलता है कि उसके द्वारा अपनाए गए विरोध के तरीके हिंसक प्रकृति के हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) भारत में ''जिहाद'' के जरिए इस्लामी आंदोलन खड़ा करने की कोशिश कर रहा है, जिसमें क्रूरता और दमन के विभिन्न तरीकों के अलावा अहिंसक हवाई हमले और ''गुरिल्ला हमले'' भी शामिल हैं।

संघीय एजेंसी ने एक बयान जारी कर कहा कि उसने 35 करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्तियां कुर्क की हैं, जो पीएफआई के ''विभिन्न ट्रस्ट, कंपनियों और व्यक्तियों के नाम पर'' लाभकारी रूप से स्वामित्व वाली हैं।

ईडी, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और विभिन्न राज्य पुलिस बलों द्वारा इसके पदाधिकारियों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ देशव्यापी छापेमारी के बाद सितंबर, 2022 में केंद्र ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया था।

ईडी ने आरोप लगाया कि 2006 में केरल में गठित लेकिन दिल्ली में मुख्यालय वाले पीएफआई के वास्तविक उद्देश्य इसके संविधान में बताए गए उद्देश्यों से ''अलग'' हैं।

एजेंसी ने आरोप लगाया, ''पीएफआई का वास्तविक उद्देश्य जिहाद के माध्यम से भारत में इस्लामी आंदोलन चलाने के लिए एक संगठन का गठन करना है, हालांकि पीएफआई खुद को एक सामाजिक आंदोलन के रूप में पेश करता है।'' इसने कहा, ''पीएफआई ने विरोध के अहिंसक तरीकों का इस्तेमाल करने का दावा किया है लेकिन साक्ष्यों से पता चलता है कि उसके द्वारा अपनाए गए विरोध के तरीके हिंसक प्रकृति के हैं।'' एजेंसी ने संगठन द्वारा समाज में अशांति और संघर्ष पैदा करके ''गृहयुद्ध'' की तैयारी के लिए इस्तेमाल किए गए विरोध के कुछ तरीकों का वर्णन किया है।

### पीसीबी का प्रस्ताव,

## पाकिस्तान में खेलें और उसी दिन स्वदेश लौट जायें भारत

**कराची/भाषा।** पीसीबी ने बीसीसीआई से संपर्क किया है और एक ऐसी व्यवस्था का प्रस्ताव रखा है जिसके अंतर्गत अगर भारत सुरक्षा कारणों से अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान पाकिस्तान में नहीं रुकना चाहता है तो वह मैचों के बीच में नई दिल्ली या चंडीगढ़ में से कहीं लौट सकता है।

## सलमान को पांच करोड़ रुपए की फिरौती और जान से मारने की धमकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/एजेन्सी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को फिर से पांच करोड़ रुपये की फिरौती की धमकी मिली है और कहा गया है कि अगर वह ये रकम नहीं देते हैं तो उन्हें गोली मार दी जायेगी।

पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने खूंखार लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक गैंगस्टर द्वारा यह धमकी दिए जाने का संदेह जताया है।

उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस ने सलमान के घर, गोरेगांव फिल्म सिटी और अन्य स्टूडियो में उनकी शूटिंग, उनके कार्यालय, परिवार के कंट्री हाउस, पनवेल (रायगढ़) में अर्पिता फार्म्स और अभिनेता के काम पर आने-जाने के रास्तों तथा उनके आगंतुकों पर कड़ी निगरानी बढ़ा दी गयी है।

## ब्रिक्स 'पश्चिम विरोधी' नहीं, केवल 'गैर-पश्चिम' संगठन है : पुतिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मॉस्को/भाषा।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने देश में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले शुक्रवार को कहा कि यह ''पश्चिम विरोधी'' नहीं, बल्कि एक ''गैर-पश्चिम'' संगठन है, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसा कह चुके हैं।

विदेशी पत्रकारों के एक समूह के साथ बातचीत में रूस के साथ लड़ाई में यूक्रेन का साथ देने के लिये अमेरिका एवं पश्चिमी देशों की आलोचना करते हुये पुतिन ने कहा कि उनका सैन्य संगठन नाटो यूक्रेन के लिए यह लड़ाई लड़ रहा है।

जब 'पीटीआई' ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें रूस और यूक्रेन के बीच शांति संबंधी वार्ता में भारत की भूमिका नजर आती है तो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा व्यक्त की गयी चिंता का हवाला दिया और मोदी को 'मित्र' बताया। पुतिन ने कहा कि रूस इसके लिए 'आभारी' है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के समापन की समयसीमा स्पष्ट कर पाना कठिन है और उसे निर्धारित करना भी 'प्रतिकूल' होगा।

उन्होंने अमेरिका पर चीन में विकास को रोकने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''यह सूरज से यह कहने जैसा है कि वह उगना बंद कर दे।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कजान में आयोजित होने वाले 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 22-23 अक्टूबर को रूस की यात्रा पर जाएंगे।



## दिल्ली हवाई अड्डे पर पांच यात्रियों से 45 'आईफोन 16' मोबाइल जब्त

**नई दिल्ली/भाषा।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर भारत में कथित तौर पर तस्करी का प्रयास कर रहे पांच यात्रियों से 45 'आईफोन 16' मोबाइल जब्त किए हैं। सीमा शुल्क विभाग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एयर इंडिया की उड़ान के जरिए वाशिंगटन से दिल्ली आए एक यात्री से आईजीआई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने लगभग 44 लाख रुपए मूल्य के 37 'आईफोन-16' मोबाइल जब्त किए। हांगकांग से आए चार अन्य यात्रियों के बैग में आठ और 'आईफोन-16' मिले।'' इस महीने की शुरुआत में, सीमा शुल्क अधिकारियों ने अलग-अलग मामलों में पांच यात्रियों से 42 'आईफोन 16 प्रो मैक्स' मोबाइल जब्त किए थे।

## बाल विवाह कुप्रथा के उन्मूलन के लिए न्यायालय ने कई दिशानिर्देश तैयार किए

▪ न्यायालय ने कहा कि किसी 'पर्सनल लॉ' के तहत परंपराएं बाल विवाह निषेध अधिनियम के क्रियान्वयन में बाधा नहीं बन सकतीं और बचपन में कराए गए विवाह अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता छीन लेते हैं।



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बाल विवाह जैसी 'सामाजिक बुराई' के कायम रहने को 'चिंताजनक करार देते हुए इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए शुक्रवार को केंद्र, राज्यों और अन्य प्राधिकारियों को कई निर्देश जारी किये।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने 141 पन्नों के फैसले में नौ शीर्षकों के तहत देश में बाल विवाह रोकथाम कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न हितधारकों को कई निर्देश जारी किए, जिनमें देश में जिला स्तर पर बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) के कार्यों का निर्वहन करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति भी शामिल है।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा, ''बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, और इसका प्रचलन एक अपराध है। बाल विवाह की बुराइयों पर लगभग सार्वभौमिक सहमति के बावजूद, इसका जारी रहना गंभीर मुद्दा है। बाल विवाह वह घटना है, जिसमें बच्चों की शादी कानून के तहत न्यूनतम वैधानिक आयु प्राप्त करने से पहले कर दी जाती है।

न्यायालय ने कहा कि किसी 'पर्सनल लॉ' के तहत परंपराएं बाल विवाह निषेध अधिनियम के क्रियान्वयन में बाधा नहीं बन सकतीं और बचपन में कराए गए विवाह अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता छीन लेते हैं।

हालांकि, पीठ ने इस बात पर गौर किया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) 'पर्सनल लॉ' पर प्रभावी होगा या नहीं, यह मुद्दा विचार के लिए संसद के पास लंबित है। केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से पीसीएमए को 'पसर्नल लॉ' पर प्रभावी बनाए रखने का आग्रह किया था। इसने कहा कि केंद्र इस मुद्दे पर विभिन्न उच्च न्यायालयों के परस्पर-विरोधी फैसले देने में विफल रहा है, जैसा कि दावा किया गया है।

पीठ ने कहा, ''बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक 2021 को 21 दिसंबर, 2021 को संसद में पेश किया गया था। विधेयक को शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल पर विभाग से संबंधित स्थायी समिति को जांच के लिए भेजा गया था। विधेयक में पीसीएमए में संशोधन की मांग की गई है, ताकि विभिन्न 'पर्सनल लॉ' पर कानून के प्रमुख प्रभाव को स्पष्ट रूप से बताया जा सके। इसलिए, यह मुद्दा संसद के समक्ष विचाराधीन है।''




## राष्ट्रपति ने मलावी के राष्ट्रपति से मुलाकात की, द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने पर बातचीत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लिलोंग्वे (मलावी)/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां मलावी के राष्ट्रपति लाजारस मैकार्थी चकवेरा से मुलाकात की और कृषि, खनन, पर्यटन तथा ऊर्जा समेत अनेक क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर 'सार्थक' चर्चा की।

मुर्मू अफ्रीका के तीन देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में बृहस्पतिवार को मलावी पहुंचीं। उनकी उपस्थिति में कला और संस्कृति, खेल और फार्मास्युटिकल सहयोग समेत अनेक क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए गए।

यह मुलाकात लिलोंग्वे में स्टेट हाउस में हुई। वह अफ्रीकी देश मलावी की यात्रा करने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति हैं।

चकवेरा ने 'एक्स' पर लिखा कि उन्हें मुर्मू की मेजबानी करके खुशी हुई, जिनके साथ बातचीत कृषि, खनन, पर्यटन, ऊर्जा, व्यापार, खेल, स्वास्थ्य और शिक्षा में अधिक लाभ के लिए मलावी-भारत संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित थी।

मुर्मू के कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''दोनों नेताओं ने भारत-मलावी रिश्ते को और प्रगाढ़ करने के लिए विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा की।'' उसने कहा, ''वह मानवीय सहायता के रूप में प्रतीकात्मक रूप से 1000 मीट्रिक टन चावल तथा मलावी को भाभाट्रॉन कैंसर उपचार मशीन सौंपे जाने की भी साक्षी बनीं।''

### सिनवार की मौत के बाद हमास ने कहा

## इजराइल के बंधकों को गाजा में संघर्ष विराम से पहले नहीं छोड़ा जाएगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**यरूशलम/एपी।** हमास ने शुक्रवार को पुष्टि की कि उसका नेता याह्या सिनवार गाजा में इजराइली बलों के हमले में मारा गया है। साथ ही चरमपंथी संगठन ने अपना यह रुख दोहराया कि एक साल पहले इजराइल से बंधक बनाए गए लोगों को तब तक नहीं छोड़ा जाएगा जब तक गाजा में संघर्ष विराम नहीं होता और इजराइली सैनिकों की वापसी नहीं होती।

इससे एक दिन पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि जब तक बंधकों को रिहा नहीं किया जाता तब तक देश की सेना लड़ती रहेगी और हमास को कमजोर करने के लिए गाजा में तैनात रहेगी। दोनों पक्षों का यह रुख इस बात का संकेत देता है कि दोनों ही संघर्ष को समाप्त करने के करीब नहीं हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और दुनिया के अन्य नेताओं ने कहा है कि सिनवार की मौत एक ऐसा निर्णायक मोड़ है जिसका इस्तेमाल रुकी हुई संघर्ष विराम वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए होना चाहिए।

कतर में रहने वाले सिनवार के सिपहसालार खलील अल-हैया ने कहा, ''गाजा में हमलों के समाप्त होने और गाजा से सैनिकों की वापसी से पहले वो कैदी आपके पास नहीं लौटेंगे।'' हैया ने अमेरिका, कतर और मिस्र की मध्यस्थता में हुई कई दौर की संघर्ष विराम वार्ता के दौरान समूह के प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई की।

हमास ने बयान में सिनवार को नायक बताया है और कहा है कि ''वह एक वीर शहीद के रूप में उभरे, आगे बढ़े और पीछे नहीं हटे, अपने हथियार लहराए, अग्रिम मोर्चे पर कब्जा करने वाली सेना से भिड़ गये और उसका सामना किया।''

## हिजबुल्ला ने युद्ध में नए चरण का संकल्प लिया

**यरूशलम/एपी।** लेबनानी चरमपंथी समूह हिजबुल्ला ने शुक्रवार को इजराइली सैनिकों के खिलाफ लड़ाई का एक नया चरण शुरू करने की कसम खाई। एक दिन पहले ही इजराइल ने कहा था कि गाजा के फलस्तीनी क्षेत्र में उसके बलों ने हमास नेता याह्या सिनवार को मार डाला है, जो पिछले साल इजराइल पर हुए क्रूर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल का हमला जारी है और लेबनान के अन्य क्षेत्रों में भी इजराइल की हवाई बमबारी जारी है। हमास और हिजबुल्ला दोनों को ईरान का समर्थन प्राप्त है, जिसने सिनवार को शहीद बताया जो इजराइल को चुनौती देने के लिए दूसरों को प्रेरित कर सकता है।

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### सियासी गठबंधन

कैसे मेंढ़क तुले तराजू,
पड़ा अक्ल पर सबके कोड़ा।
टांग खेंचते इक दूजे की,
चले अढ़ाई घर ज्यूं घोड़ा।
गिद्ध भोज में जुटे जीमने,
भुक्कड़ कोई ज्यादा-थोड़ा।
लगे सियासी गठबंधन यूं,
भानुमती ने कुनबा जोड़ा।।

सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



शहर के माधवनगर–कुमारापार्क स्थित वासुपूज्य मुनिसुव्रत संघ के तत्वावधान में विराजित गच्छाधिपति विज्ञानप्रभसूरीश्वरजी के शिष्य मुनिश्री दीक्षितप्रभविजयजी व साध्वी श्री कारुण्यप्रभाश्रीजी की निश्रा में आसोज़ मास की शाश्वत ओली एवं तपस्वी पारने का संपूर्ण लाभ लक्षाबेन नरेशकुमार गादिया ने लिया और 500 आयंबिल के उपलक्ष्य में संघ के अध्यक्ष मोहनलाल मरलेचा, उपाध्यक्ष संपतराज कोठारी, कोषाध्यक्ष रमेश मरलेचा, अशोक पारेख ने लाभार्थी परिवार का सम्मान किया। इस मौके पर सचिव प्रकाश जैन, ललित पारेख, प्रवीण चौहान, कांति मरलेचा, नितिन साकरिया आदि उपस्थित थे।

## एमयूडीए घोटाले में ईडी की छापेमारी का विपक्षी भाजपा, जद(एस) ने किया स्वागत

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में विपक्षी भाजपा और जद (एस) ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के परिवार से जुड़े एमयूडीए भूखंड आवंटन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि घोटाले को उजागर करने व सच्चाई सामने लाने के लिए ये छापे जरूरी हैं। दोनों दलों के नेताओं ने इस मामले में ईडी की जांच पर सवाल उठाने के लिए सत्तारूढ़ कांग्रेस की आलोचना की और पूछा कि क्या उनकी सरकार के तहत काम करने वाले लोकायुक्त पुलिस द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच संभव है। इस मामले में सिद्दरामय्या आरोपी हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले में शुक्रवार को छापेमारी की, जिसमें सिद्दरामय्या, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मैसूरु में एमयूडीए कार्यालय और कुछ अन्य स्थानों पर संघीय जांच एजेंसी के अधिकारियों द्वारा केंद्रीय अर्धसैनिक बल के एक दल के साथ छापेमारी की जा रही है। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने छापों के पीछे राजनीतिक मकसद की बात से इनकार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ शिकायत उनकी पार्टी द्वारा दर्ज नहीं की गयी है। उन्होंने कहा, ...ऐसा कहा जा रहा है कि 3,000–4,000 करोड़ रुपये का गैरकानूनी काम हुआ है, अगर वह रकम वापस आती है तो इससे सरकार को मदद मिलेगी।

## तेजस्वी सूर्या का आरोप : विपक्षी सांसदों ने जगदम्बिका पाल को धमकी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद तेजस्वी सूर्या ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि कुछ विपक्षी सदस्यों ने वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति की बैठक के दौरान इसके अध्यक्ष जगदम्बिका पाल और एक गवाह को धमकी दी तथा दस्तावेज भी फाड़ दिए। बेंगलूरु दक्षिण से दो बार के सांसद सूर्या ने दावा किया कि विपक्षी सदस्यों ने 14 अक्टूबर को उस समय असंसदीय व्यवहार किया जब समिति ने कर्नाटक राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिपड्डी को कर्नाटक में वक्फ भूमि ''घोटाले'' पर उनके विचार सुनने के लिए बुलाया था।

भाजपा नेता का अध्यक्ष को पत्र विपक्षी सदस्यों द्वारा लोकसभा के पीठासीन अधिकारी को लिखे उस पत्र के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने संसदीय समिति की बैठक के दौरान पाल द्वारा संसदीय आचार संहिता के घोर उल्लंघन'' का आरोप लगाया था। बिरला को लिखे अपने पत्र में सूर्या ने कहा, अपनी गवाही के दौरान मणिपड्डी ने अपने कार्यकाल के दौरान 2012 में प्रस्तुत एक रिपोर्ट पर चर्चा की थी। इस रिपोर्ट में लगभग 2,000 एकड़ वक्फ भूमि पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण या बिक्री का आरोप लगाया गया है। इसमें कांग्रेस के कुछ नेताओं के नाम आए थे।

सूर्या ने दावा किया कि जैसे ही यह मुद्दा समिति के ध्यान में लाया गया, विपक्षी सदस्यों ने कार्यवाही बाधित कर दी, गवाह और अध्यक्ष दोनों को मौखिक रूप से धमकी दी और समिति के दस्तावेजों को फाड़ दिया। उन्होंने कहा, वे वहां भी गए जहां गवाह और समिति के अध्यक्ष बैठे थे। दोनों को धमकाने की कोशिश की, उनके द्वारा बनाए गए नोट और कागजात छीन लिए और फाड़ दिए।

उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों का व्यवहार संसदीय मर्यादाओं की पूरी तरह उपेक्षा दर्शाता है। भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि इसके बाद वे उपस्थित अन्य सदस्यों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करते हुए बैठक से बाहर चले गये। सूर्या ने अध्यक्ष से विपक्षी सदस्यों को आचरण और संसदीय शिष्टाचार के नियमों का पालन करने का निर्देश देने और इस अशोभनीय और असंसदीय व्यवहार के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया।

## दिल्ली में यमुना नदी पर फैली झाग, त्यौहारी मौसम में स्वास्थ्य के लिए समस्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली में यमुना नदी में शुक्रवार को सफेद झाग की मोटी परत देखने को मिली। विशेषज्ञों का कहना है कि यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है विशेष रूप से तब, जब त्योहार का मौसम नजदीक आ गया है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित कई वीडियो में नदी का ज्यादातार हिस्सा झाग की परत से ढका दिख रहा है मानो जैसे नदी की सतह पर बादल छा गए हों। हालांकि बाद में ये झाग धीरे धीरे छंट गया।

साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रीवर्स एंड पीपुल (एसएएनडीआरपी) के सहायक समन्वयक भीम सिंह रावत ने पीटीआई–भाषा से कहा, ''आम तौर पर ऊपरी यमुना के हिस्से में बाढ़ की स्थिति काफी गंभीर होती है, लेकिन इस साल 2024 के हाल में समाप्त हुए दक्षिण–पश्चिम मानसून के दौरान कोई बाढ़ नहीं आई।'' रावत ने कहा, ''यह असामान्य है, क्योंकि नदी में आम तौर पर हर साल इस खंड में कम से कम दो बार कम या मध्यम स्तर की बाढ़ आती है।'' उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नदी में प्रदूषण एक गंभीर चिंता का विषय है, जो मानव स्वास्थ्य और नदी के पास के वन्य जीवन को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नदी में स्वाभाविक रूप से सफाई करने की क्षमता है, लेकिन प्रदूषण का स्तर चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इस साल मानसून के दौरान जो सफेद झाग देखा गया था, वह त्योहारों के समय ज्यादा नजर आ रहा है। विशेषज्ञों ने सरकार से यमुना में प्रदूषण के स्तर को कम करने का आग्रह किया है, खासकर तब जब छठ पूजा जैसे प्रमुख त्योहार नजदीक आ रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, इस झाग में अमोनिया और फॉस्फेट की उच्च मात्रा होती है जिससे श्वसन और त्वचा संबंधी समस्याओं सहित स्वास्थ्य संबंधी गंभीर जोखिम पैदा होता है।





## तेलंगाना: हैदराबाद में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना पुलिस ने 'ग्रुप–1' सेवा की 21 से 27 अक्टूबर तक होने वाली मुख्य परीक्षा टालने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों पर यहां शुक्रवार को लाठीचार्ज किया।

राज्य की राजधानी में यहां, सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग संस्थानों के मुख्य केंद्र अशोक नगर में अभ्यर्थी विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने परीक्षा के कार्यक्रम और भर्ती प्रक्रिया तथा आरक्षण पर कुछ शासकीय आदेशों के प्रभाव पर चिंता व्यक्त की।

'ग्रुप–1' परीक्षा की तिथि पुनर्निर्धारित करने की मांग करते हुए, उम्मीदवारों के एक समूह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़ से बृहस्पतिवार को मुलाकात की थी, जबकि कुछ ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव से मुलाकात की।

तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने एक दिन पहले कहा था कि परीक्षा के लिए सभी इंतजाम कर लिए गए हैं। बृहस्पतिवार को यहां गांधी नगर के एक पार्क में कई अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया था। वे परीक्षा टालने की मांग कर रहे हैं।

## बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पर्यटन को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन में मददगार : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पणजी/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि नए एक्सप्रेसवे और पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं, पर्यटन को बढ़ावा देने और अधिक रोजगार सृजन करने में मदद कर रही हैं।

गोवा में 'फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (एफएचआरएआई) द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में अपने संदेश में मंत्री ने कहा कि होटल क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है।

गडकरी का संदेश सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन पढ़ा गया। इस सम्मेलन में होटल कारोबारियों, रेस्तरां मालिकों और विशेषज्ञों ने एक साथ आकर पर्यावरण अनुकूल उपायों से लेकर नए युग के रेस्तरां के रुझानों तक के विषयों पर चर्चा की। इसका उद्देश्य देश के होटल उद्योग में व्यावसायिक परिचालन और वृद्धि में सुधार लाना है। केंद्रीय मंत्री ने होटल क्षेत्र के प्रति मजबूत समर्थन व्यक्त किया और कहा कि यह व्यापक रोजगार अवसर प्रदान करता है तथा अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, हमारा देश पर्यटन को बढ़ावा देने और अधिक रोजगार सृजन करने के लिए धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके अलावा, नए एक्सप्रेसवे और पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद कर रही हैं, जिससे अधिक रोजगार सृजन हो रहे हैं। गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार 18 और पर्यटन स्थलों का विकास कर रही है। इनमें से कई परियोजनाएं पूरी होने वाली हैं, जिससे पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा।

## आंध्र प्रदेश में 'माफिया युग' आया : जगन मोहन रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) नीत राजग सरकार पर निशाना साधते हुए वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रमुख वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य में ''माफिया युग'' आ गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य में कारोबार या खनन के लिए विधायकों और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को ''कर'' दिया जा रहा है। रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा कि अब राज्य में केवल भ्रष्टाचार ही दिख रहा है। वाईएसआरसीपी प्रमुख ने कहा, ''राज्य में इतनी अक्षम सरकार है कि वह विधानसभा में पूर्ण बजट पेश करने में सक्षम नहीं है, क्योंकि उसे डर है कि लोग चुनाव के दौरान (तेदेपा द्वारा) किए गए छह वादों को पूरा करने की मांग करेंगे।'' रेड्डी ने कहा कि देश में ऐसी कोई सरकार नहीं होगी जो इतने महीनों तक लेखानुदान बजट पर काम रही हो। उन्होंने नायडू पर तथ्यों को छिपाने के लिए मीडिया का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

## रसायन क्षेत्र में आयातित कच्चे माल पर निर्भरता घटाने की जरूरत : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने रसायन और पेट्रोकेमिकल उद्योग को देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए शुक्रवार को कहा कि इस क्षेत्र को आयातित कच्चे माल पर निर्भरता की चुनौती से निपटने की जरूरत है।

रसायन एवं उर्वरक मंत्री नड्डा ने 13वें द्विवार्षिक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन 'इंडिया केम 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि देश नवाचार, पर्यावरण अनुकूलता और अपने दम पर उन्नति करने का संकल्प करता है, जो '2047 में विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उद्योग मंडल फिक्की के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में नड्डा ने कहा, सफल होने के बावजूद हमें आयातित कच्चे माल पर निर्भरता की महत्वपूर्ण चुनौती का हल निकालना होगा। हमें बायोमास प्लास्टिक अवशिष्ट और हरित हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक कच्चे माल की खोज करनी चाहिए। इसके साथ प्राकृतिक गैस और कोयले के घरेलू स्रोतों का विस्तार भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी संसाधनों को सूचीबद्ध करके कमजोरियों को दूर किया जा सकता है और औद्योगिक सुरक्षा बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण अनुकूलता ही रसायन और पेट्रोकेमिकल उद्योग का भविष्य है। उन्होंने कहा कि तेल से रसायन की ओर बदलाव और हरित हाइड्रोजन का विकल्प उद्योग के लिए गहन रासायनिक एकीकरण, अनुकूलित ऊर्जा उपयोग और परिपत्र अर्थव्यवस्था सिद्धांतों के माध्यम से अपार अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा, हम आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाते हुए अपने क्षेत्र के पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को कम कर सकते हैं।

नड्डा ने कहा कि भारत के रसायन एवं पेट्रोकेमिकल उद्योग का फिलहाल मूल्य करीब 220 अरब डॉलर है। इसके वर्ष 2028 तक 300 अरब डॉलर से आगे निकल जाने और 2040 तक एक लाख करोड़ डॉलर हो जाने की उम्मीद है।

## गौतम अदाणी ने तेलंगाना में कौशल विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रुपए का चंदा दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने शुक्रवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से मुलाकात की और स्थापित किये जा रहे 'यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी' के लिए दानस्वरूप 100 करोड़ रुपए का चेक सौंपा। रेड्डी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' 'अदाणी ग्रुप ऑफ कंपनीज' के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने शिष्टाचार भेंट की। अदाणी फाउंडेशन की ओर से 'यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी' के लिए चेक के रूप में 100 करोड़ रुपए का चंदा दिया गया।'' रेड्डी ने पिछले महीने उद्योगपतियों और प्रमुख कंपनियों से राज्य में स्थापित किए जा रहे 'यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी' के लिए सहयोग करने का आग्रह किया था।

## हरियाणा की तरह महाराष्ट्र चुनाव भी जीतेंगे : शिंदे



**पुणे/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विश्वास जताया है कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन आगामी विधानसभा चुनाव में 'प्रचंड' बहुमत से जीत हासिल करेगा। शिंदे ने चंडीगढ़ से लौटने के बाद बृहस्पतिवार देर रात पुणे हवाई अड्डे पर पत्रकारों से हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के बेहतरीन प्रदर्शन का हवाला देते हुए यह बात कही।

चंडीगढ़ में उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राजग के मुख्यमंत्रियों की परिषद की बैठक में हिस्सा लिया। शिंदे ने कहा कि राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा, इस बात पर आम सहमति थी कि ऐसी बैठकें साल में दो बार होनी चाहिए। शिंदे ने सैनी को जमीन से जुड़ा नेता बताते हुए कहा, हरियाणा चुनाव के नतीजों ने सभी सर्वेक्षणों के अनुमानों को झुठला दिया है, क्योंकि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काम को स्वीकार किया है।

## इस समय ब्याज दर में कटौती असामयिक, जोखिम से भरी होती : आरबीआई गवर्नर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती के लिए मौजूदा समय 'असामयिक' और 'बहुत जोखिम भरा' होता क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अभी भी ऊंचे स्तर पर है। इसके साथ ही दास ने कहा कि भविष्य का मौद्रिक नीतिगत कदम आगामी आंकड़ों और आर्थिक परिदृश्य पर निर्भर करेगा।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की इस महीने की शुरुआत में हुई बैठक में नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला किया गया था। हालांकि इसने मौद्रिक नीति के रुख को संशोधित करते हुए 'तटस्थ' कर दिया। अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा छह दिसंबर को की जाएगी। दास ने ब्लूमबर्ग की तरफ से आयोजित 'इंडिया क्रेडिट फोरम' को संबोधित करते हुए कहा कि सितंबर की खुदरा मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर है और आगामी आंकड़े के भी नरम होने से पहले उच्च रहने की आशंका है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा, जब आपकी मुद्रास्फीति साढ़े पांच प्रतिशत है और अगला आंकड़ा भी ऊंचे स्तर पर रहने का अनुमान है तो इस समय ब्याज दरों में कटौती बहुत असामयिक होगी और यह बहुत जोखिम से भी भरा हो सकता है। उन्होंने भविष्य में ब्याज दर में कटौती किए जाने से संबंधित कोई संकेत देने से इनकार करते हुए कहा कि केंद्रीय बैंक आने वाले आंकड़ों और आर्थिक परिदृश्य के आधार पर कदम उठाएगा। दास ने यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक किसी पुलिसकर्मी की तरह काम नहीं करता, बल्कि वह वित्तीय बाजार पर कड़ी नजर रखता है और जरूरत पड़ने पर नियामकीय कदम उठाता है।

## धारावी पुनर्विकास परियोजना दुनिया का सबसे बड़ा भूमि घोटाला है : गायकवाड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने शुक्रवार को धारावी झुग्गी पुनर्विकास परियोजना को ''दुनिया का सबसे बड़ा भूमि घोटाला'' बताया और कहा कि राज्य में सत्ता में लौटने पर महा विकास आघाडी (एमवीए) इसे रद्द कर देगी।

गायकवाड़ ने कहा कि कांग्रेस और अविभाजित शिवसेना के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता अतीत की बात हो गई है और अब उनकी पार्टी और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के बीच ''मजबूत और सौहार्दपूर्ण'' संबंध हैं। विपक्षी गठबंधन एमवीए अरबों डॉलर की धारावी पुनर्विकास परियोजना में अनियमितताओं का आरोप लगा रहा है। अदाणी समूह इस परियोजना का क्रियान्वयन कर रहा है। गायकवाड़ ने 'पीटीआई–भाषा' को दिये साक्षात्कार में कहा, ''धारावी पुनर्विकास परियोजना क्रियान्वित करने वाले अदाणी को 1,000 एकड़ जमीन क्यों दी जा रही है?'' मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद ने कहा, ''निविदा में कहा गया है कि धारावी के बाहर सात लाख लोगों का पुनर्वास किया जाएगा। लेकिन धारावी पुनर्विकास एक ऐसी परियोजना है जिसके तहत प्रभावित लोगों का पुनर्वास वहीं होना चाहिए। लेकिन उनके खुद के निविदा दस्तावेज में कहा गया है कि सात लाख निवासियों को धारावी से बाहर स्थानांतरित किया जायेगा।'' उन्होंने कहा, ''यह परियोजना दुनिया का सबसे बड़ा भूमि घोटाला है इसकी जांच होनी चाहिए।'' देश की वित्तीय राजधानी के मध्य भाग में स्थित धारावी कई छोटे पैमाने के असंगठित उद्योगों का केंद्र है, जहां दवाइयां, चमड़ा, जूते, कपड़े आदि का निर्माण किया जाता है। इसे एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में से एक माना जाता है।

कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के बीच संबंधों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति में प्रतिद्वंद्विता कभी व्यक्तिगत नहीं होती। उन्होंने कहा, ''हमारे बीच वैचारिक मतभेद थे, लेकिन हम सामंजस्य के साथ काम करते रहे हैं – चाहे वह एमवीए सरकार के दौरान हो या बाद में कोविड–19 के दौरान। हमने लोस चुनाव के दौरान एक–दूसरे की मदद की और लोगों ने हमें मजबूत जनादेश दिया। हमारे बीच गहरे संबंध हैं।'' गायकवाड़ ने कहा, ''हमें अधिकतम सीट मिलीं और हम मुंबई उत्तर–पश्चिम सीट को अपनी हार नहीं मानते, जहां महायुति गठबंधन सिर्फ 45 वोट से जीता। सभी को पता है कि क्या हुआ।''

## विदेशी मुद्रा भंडार 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर पर

**मुंबई/भाषा।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रहा। यह हाल के दिनों में मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी गिरावट है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।


## जम्मू-कश्मीर सरकार राज्य का दर्जा बहाल करना चाहती है, अनुच्छेद 370 नहीं : इंजीनियर राशिद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** बारामूला से सांसद शेख अब्दुल राशिद ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू–कश्मीर सरकार के अनुच्छेद 370 नहीं, बल्कि सिर्फ राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाला प्रस्ताव पारित करने की खबरें हैं, जो 'बहुत दर्दनाक' है और सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के सैद्धांतिक रुख से 'भटकने जैसा' है।

इंजीनियर राशिद के नाम से मशहूर शेख अब्दुल राशिद की यह टिप्पणी जम्मू के अखबार 'दैनिक एक्सेलसियर' में प्रकाशित उस खबर के बाद आई है, जिसमें कहा गया है कि अब्दुल्ला सरकार ने केंद्र से जम्मू–कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के अनुरोध वाला प्रस्ताव पारित किया है। खबर में यह भी कहा गया है कि प्रस्ताव का मसौदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सौंपने के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला खुद दिल्ली जाएंगे। खबर की न तो आधिकारिक पुष्टि हुई है और न ही इसका खंडन किया गया है। राशिद ने कहा, ''ऐसी खबरें हैं कि राज्य का दर्जा बहाल करने के अनुरोध वाला प्रस्ताव पारित किया गया है। कुछ भी पारित करना उनका अधिकार है। लेकिन हम उमर को याद दिलाना चाहते हैं कि उन्होंने अनुच्छेद 370 और 35ए तथा राज्य के दर्जे के बहाली की वादे को लेकर चुनाव लड़ा था।'' उन्होंने श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''इसलिए ऐसी खबरें बहुत दर्दनाक हैं कि केवल राज्य के दर्जे के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया है। यह उमर की पार्टी के सैद्धांतिक रुख से भटकने के समान है।''




# चेन्नई डिवीजन ने डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए सभी स्टेशनों पर क्यूआर कोड भुगतान लागू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की नवीनतम नीति के अनुरूप, दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन ने सभी स्टेशनों पर टिकट, सामान, पार्सल और अन्य संबद्ध सेवाओं की बुकिंग के लिए क्यूआर कोड मोड भुगतान प्रणाली लागू की है।

इस पहल का उद्देश्य कैशलेस लेनदेन को प्रोत्साहित करना और यात्रियों की सुविधा में सुधार करना है।

क्यूआर चेन्नई डिवीजन में अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट और पीआरएस टिकट सहित सभी टिकट काउंटरों पर (क्विक रिस्पांस) कोड डिवाइस लगाए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना, नकदी प्रबंधन से संबंधित समस्याओं से बचना और टिकट जारी करने में तेजी लाना है। .

क्यूआर कोड सिस्टम से टिकटिंग प्रक्रिया सरल हो जाती है। टिकट जारी करने की प्रक्रिया के दौरान, डिवाइस पर क्यूआर कोड प्रदर्शित किया जाएगा। यात्री अपने मोबाइल वॉलेट या यूपीआई-सक्षम बैंक खातों का उपयोग करके कोड को स्कैन कर सकते हैं और भुगतान एक के माध्यम से संसाधित किया जाएगा। सुरक्षित भुगतान गेटवे।

भुगतान की पुष्टि हो जाने पर, टिकट तुरंत तैयार हो जाता है और जारी हो जाता है, जिससे नकद लेनदेन या परिवर्तनों को संभालने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। यह प्रणाली सभी उम्र के लोगों के लिए सुविधाजनक है, जो तेज़ और सुचारू सेवा को बढ़ावा देती है।

क्यूआर कोड के कार्यान्वयन के साथ, चेन्नई डिवीजन का लक्ष्य प्रतीक्षा अवधि को कम करना, लेन-देन में तेज़ी लाना और यात्री संतुष्टि को बढ़ाना है। कैशलेस लेन-देन यात्रियों को तेज़ और अधिक सुरक्षित भुगतान भी प्रदान करता है विकल्प।

दक्षिण रेलवे का चेन्नई मंडल तकनीकी नवाचारों को लागू करके अपने यात्रियों के लिए दक्षता, सुविधा और समग्र यात्रा अनुभव को अनुकूलित करने का लक्ष्य रखता है।

# आईआईटी मद्रास दुबई में अनुसंधान एवं नवोन्मेष के लिए पहला अंतरराष्ट्रीय केंद्र खोलेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास 2025 के शुरुआत में अनुसंधान, नवोन्मेष और उद्यमिता के लिए पहला अंतरराष्ट्रीय केंद्र दुबई में खोलेगा। संस्थान ने शुक्रवार को यह जानकारी की।

संस्थान के मुताबिक आईआईटीएम ग्लोबल दुबई सेंटर अत्याधुनिक क्षेत्रों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डेटा विज्ञान, रोबोटिक्स और सतत ऊर्जा में विशेषज्ञता हासिल करेगा और भारत के उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक नये सेतु की भूमिका निभाएगा।

दुबई में केंद्र स्थापित करने की योजना को अमली जामा पहनाने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास और दुबई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन विभाग (डीईटी) के बीच हुए समझौता हुआ है। बड़े पैमाने पर तकनीकी प्रदर्शनी के 44वें संस्करण जीआईटीईएक्स ग्लोबल 2024 के दौरान दुबई आर्थिक विकास निगम (डीईडीसी) के सीईओ हादी बद्री और आईआईटी मद्रास में वैश्विक संपर्क के डीन प्रोफेसर रघुनाथन रंगस्वामी ने संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किए। बयान के मुताबिक आईआईटी मद्रास की नयी इकाई 'आईआईटीएम ग्लोबल' के तहत स्थापित अपनी तरह का यह पहला कार्यक्रम दुबई के लिए प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे एआई, डेटा विज्ञान, रोबोटिक्स और सतत ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान, नवोन्मेष, आईपी लाइसेंसिंग और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देगा।

**समीक्षा बैठक** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई यहां के नंदनम में स्थित आवास पर डेयरी मंत्री आरएस राजकन्नपन की अध्यक्षता में सभी जिलों के महाप्रबंधकों और उप रजिस्ट्रार (डेयरी) के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पशुपालन, डेयरी, मत्स्य एवं मछुआ कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव सत्यप्रथा सकु इदादा, डेयरी विभाग के निदेशक/प्रबंध निदेशक डॉ. के. विनीत ईए, एसोसिएट प्रबंध निदेशक सुश्री के. पोरकोडी, ई. अट्टा और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे।

# केरल सरकार ने अवैध भर्ती और वीजा धोखाधड़ी से निपटने के लिए एक कार्यबल का गठन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने विदेशों में अवैध भर्ती और वीजा धोखाधड़ी के मुद्दे पर कड़ा कदम उठाते हुए इससे संबंधित शिकायतों का निपटारा करने के लिए शुक्रवार को एक कार्यबल का गठन किया है। यहां जारी की गई एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रवासी मामलों के विभाग के सचिव डॉ. के. वासुकी के निर्देश पर और 'नोरका' के अभियान 'शुभयात्रा' के तहत कार्यबल का गठन किया गया है।

विज्ञप्ति में बताया गया कि कार्यबल में नोरका के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तिरुवनंतपुरम और एर्नाकुलम में प्रवासी संरक्षक' के अधिकारी और अनिवासी भारतीय (एनआरआई) प्रकोष्ठ के पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। नोरका एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जो अनिवासी केरलवासी मामलों के विभाग के अंतर्गत आता है। विज्ञप्ति में बताया गया कि यह कार्यबल महीने में एक बार बैठक कर ऐसी शिकायतों पर की गई जांच की समीक्षा करेगा। इसमें बताया गया कि एनजीओ प्रवासी कानूनी प्रकोष्ठ' की सिफारिशों के आधार पर, विदेश मंत्रालय से अनुरोध किया जाएगा कि विदेशों में नौकरी के नाम पर हो रही धोखाधड़ी को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए तत्काल और सख्त कदम उठाए जाएं।

विज्ञप्ति में बताया गया कि राज्य पुलिस के प्रमुख और एनआरआई प्रकोष्ठ के पुलिस अधीक्षक को इसे मजबूत करने और इसके लिए विशेष रूप से समर्पित साइबर प्रकोष्ठ की स्थापना करने का भी निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, विधि विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वह छात्रों के प्रवासन में शामिल भर्ती एजेंसियों के विनियमन के लिए कानून या कानूनी ढांचा तैयार करने के बारे में विचार करें। विज्ञप्ति में बताया गया कि योजना एवं आर्थिक मामलों के विभाग को बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर यह पता लगाने का निर्देश दिया गया है कि क्या बैंकों के लिए भर्ती शुल्क से संबंधित असामान्य या संदिग्ध लेनदेन के बारे में अधिकारियों को सूचित करना और अपने निष्कर्षों के आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना संभव है?



# यात्रियों का स्वास्थ्य मोदी सरकार की प्राथमिकता है : केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के घरेलू टर्मिनल पर एक आंतरिक 'वायु गुणवत्ता निगरानी सुविधा' का अनावरण किया और कहा कि यात्रियों का स्वास्थ्य भी नरेन्द्र मोदी सरकार के लिए चिंता एवं प्राथमिकता है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डा देश का पहला हवाई अड्डा है, जहां यह प्रणाली स्थापित की गई है – जिसे पवनचित्र कहा जाता है – जिसे वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय अंतःविषय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-एनआईआईएसटी) द्वारा विकसित और स्थापित किया गया है।

सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, टीआरवी हवाई अड्डा सीएसआईआर द्वारा स्थापित 'वायु गुणवत्ता निगरानी सुविधा' प्राप्त करने वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बन गया है। यात्रा की सुविधा के साथ-साथ यात्रियों का स्वास्थ्य भी नरेन्द्र मोदी सरकार के लिए चिंता का विषय और प्राथमिकता है। तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (टीआईएएल) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह दुनिया की पहली स्व-संचालित वायु गुणवत्ता निगरानी सुविधा है।

# हम भाषा की राजनीति को खत्म करेंगे और अपनी मातृभाषा को कायम रखेंगे : एएनएस प्रसाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी तमिलनाडु के प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल की हिंदी और संस्कृत पर हाल ही में की गई टिप्पणी वास्तविक है और राजनीति से प्रेरित नहीं है। तमिल दुनिया की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है और हमारे छात्रों को इसे सीखना चाहिए। साथ ही, राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी और भारत की प्राचीन भाषा संस्कृत हमारे युवाओं को प्रेरित कर सकती है।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लोग लगातार ऐसे राज्यपाल का स्वागत करते हैं और खुशी मनाते हैं जो वास्तव में राज्य की प्रगति, तमिलों की खुशी और तमिल भाषा के गौरव की परवाह करते हैं, जिसे दुनिया की सबसे पुरानी भाषा के रूप में जाना जाता है और प्राचीन भाषाओं में इसका विशेष महत्व है। वह तमिल के महत्व को स्वीकार करते हैं और हर जगह इसकी उत्कृष्टता को गर्व से बढ़ावा देते हैं। तमिलनाडु के राज्यपाल के हिंदी और संस्कृत के बारे में विचार तमिल के खिलाफ नहीं हैं। उनका दृढ़ विश्वास है कि तमिलनाडु में जन्मे और रहने वाले हर व्यक्ति को तमिल सीखना और बोलना चाहिए। साथ ही, वह हिंदी सीखने की वकालत करते हैं, जो भारत को राष्ट्रीय दृष्टिकोण से एकीकृत करती है, और संस्कृत, भारत की प्राचीन भाषा है, जिसे सभी द्वारा मान्यता प्राप्त है। उनका मानना है कि तमिल के साथ-साथ इन भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करना छात्रों और युवाओं को प्रेरित करेगा और तमिलनाडु की प्रगति में योगदान देगा।

# सुदर्शन का दोहरा शतक, तमिलनाडु ने बनाये एक विकेट पर 379 रन


**चेन्नई/नई दिल्ली।** दिल्ली के कप्तान हिम्मत सिंह को परिस्थितियों को सही से नहीं पढ़ पाने का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे तमिलनाडु ने बी साई सुदर्शन के नाबाद दोहरे शतक की बदौलत ग्रुप डी रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन स्टंप तक एक विकेट गंवाकर 379 रन बना लिये। सुदर्शन 202 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं, उन्होंने एन जगदीशन (101 गेंद में 65 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 168 रन तथा वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 96 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए अभी तक 211 रन की शतकीय साझेदारियां निभाईं। दिल्ली के कप्तान हिम्मत पिच पर बहुत घास होने के कारण सही फैसला नहीं कर सके जबकि यह सपाट निकली।

इससे तमिलनाडु के बल्लेबाजों ने दिल्ली के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। नवदीप सैनी (17 ओवर में 65 रन देकर एक विकेट) और हिमांश चौहान (17 ओवर में 50 रन देकर कोई विकेट नहीं) ने शुरुआती स्पैल में प्रभाव डाला लेकिन सुदर्शन और जगदीशन ने खराब स्पिन गेंदबाजी पर तेजी से रन बटोरे। वहीं दिल्ली के टीम प्रबंधन ने बायें हाथ के स्पिनर सुमित माथुर को अंतिम एकादश में नहीं चुना जिन्होंने पिछले सत्र में अपने पदार्पण में नौ विकेट झटके थे। गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी अपने खिलाड़ियों का खेल देख रहे थे और सुदर्शन के स्ट्रोक्स से वह प्रभावित दिखे।

सुदर्शन ने दिन के अंत में हर्ष त्यागी पर तेजी से एक रन लेकर 249 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। गुवाहाटी में एक अन्य मैच में असम ने चंडीगढ़ के खिलाफ पहले दिन स्टंप तक आठ विकेट गंवाकर 249 रन बना लिये। राजकोट में छत्तीसगढ़ ने संजीत देसाई के नाबाद 81 और अमनदीप खरे के नाबाद 51 रन की बदौलत सौराष्ट्र के खिलाफ दो विकेट पर 236 रन बनाये। अहमदाबाद में ग्रुप के एक अन्य मैच में विराट सिंह के नाबाद 103 रन, ईशान किशन के 101 रन और नाजिम सिद्दीकी के 96 रन से झारखंड ने रेलवे के खिलाफ पांच विकेट पर 325 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की।



# न्यायालय ने जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के खिलाफ कार्यवाही बंद की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक व्यक्ति की, कोयंबटूर में आध्यात्मिक नेता जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के परिसर में उसकी दो बेटियों को बंधक बनाकर रखे जाने का आरोप लगाते हुए दायर की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर कार्यवाही शुक्रवार को बंद कर दी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि दोनों महिलाएं बालिग हैं और उन्होंने कहा है कि वे स्वेच्छा से तथा बिना किसी दबाव के आश्रम में रह रही थीं। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका किसी ऐसे व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश देने का अनुरोध करते हुए दायर की जाती है जो लापता है या जिसे अवैध रूप से बंधक बना कर या हिरासत में रखा गया है।

पीठ में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने यह भी कहा कि उसके तीन अक्टूबर के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने उसके समक्ष स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की है। पीठ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के लिए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका से उत्पन्न इन कार्यवाहियों के दायरे का विस्तार करना अनावश्यक होगा। शुरू में याचिका मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष दायर की गई थी।

शीर्ष अदालत ने तीन अक्टूबर को तमिलनाडु के कोयंबटूर में फाउंडेशन के आश्रम में दो महिलाओं को कथित तौर पर अवैध रूप से बंधक बनाकर रखने के मामले की पुलिस जांच पर प्रभावी रूप से रोक लगा दी थी। उच्च न्यायालय के समक्ष दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को अपने पास स्थानांतरित करते हुए शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु पुलिस को निर्देश दिया था कि वह उच्च न्यायालय के उस निर्देश के अनुपालन में कोई और कार्रवाई नहीं करे जिसमें उसने पुलिस को इन महिलाओं को कथित रूप से अवैध तरीके से बंधक बनाकर रखने के मामले की जांच करने का भी निर्देश दिया था।

ईशा फाउंडेशन ने उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया था, जिसमें उसने कोयंबटूर पुलिस को निर्देश दिया गया था कि वह फाउंडेशन के खिलाफ दर्ज सभी मामलों का विवरण एकत्र करे और आगे के विचार के लिए उन्हें अदालत के समक्ष पेश करे। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

अंचल कार्यालय, चेन्नई
139, ब्रॉडवे, चेन्नई - 600104
ई-मेल :pnd.fgmochennai@unionbankofindia.bank

**हमारे अंचल कार्यालय, जो 139, यूनियन बैंक भवन, (तीसरी मंजिल), प्रकाशम रोड, ब्रॉडवे, चेन्नई-600104 में बड़े नवीनीकरण कार्य के लिए प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट/सलाहकार की नियुक्ति।**

बैंक के स्वामित्व वाले परिसर, जो 139, तीसरी मंजिल, यूनियन बैंक भवन, प्रकाशम रोड, ब्रॉडवे, चेन्नई -600104 में स्थित है, में प्रमुख नवीकरण कार्यों के लिए प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट के रूप में नियुक्ति के लिए **चेन्नई में पंजीकृत कार्यालय के साथ चेन्नई और उसके आसपास स्थित** पात्र आर्किटेक्ट्स / आर्किटेक्चरल फर्मों से पूर्व-योग्यता और पेशेवर शुल्क बोली के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन पत्र बैंक की वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** और सरकारी पोर्टल **www.eprocure.gov.in** पर भी 19.10.2024 से उपलब्ध हैं।
आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11.11.2024 को 15.00 बजे है।

**महाप्रबंधक**
**अंचल कार्यालय, चेन्नई**

# शरद पूर्णिमा कार्यक्रम के दौरान हमले में आरएसएस के 10 कार्यकर्ता घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर में एक मंदिर में शरद पूर्णिमा समारोह के दौरान लोगों के एक समूह ने चाकूओं और अन्य हथियारों से हमला कर दिया, जिसमें आरएसएस के 10 कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उसने कल देर रात हुई इस घटना के सिलसिले में शुक्रवार को दो लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार को हुई जब जयपुर के करणी विहार में स्थित मंदिर में जागरण कार्यक्रम हो रहा था। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने देर रात को अपने पड़ोस में शोर व भीड़ होने पर आपत्ति जताई।

स्थानीय करणी विहार थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जब श्रद्धालुओं के बीच खीर बांटी जा रही थी, तब दो स्थानीय लोग वहां पहुंचे। विवाद के बाद उन्होंने अपने समूह के और लोगों को बुला लिया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया, जिसमें 10 लोग घायल हो गए। घायलों में से छह व्यक्तियों शंकर बागड़ा, मुरारीलाल, राम पारीक, लखन सिंह जादौन, पुष्पेंद्र और दिनेश शर्मा को सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क जाम हो गई। व्यवस्था बनाए रखने के लिए करणी विहार में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। राजस्थान के कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने एसएमएस अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और कहा कि हमले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राठौड़ ने इस बात पर भी जोर दिया कि पूरी जांच करके जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अरुण चतुर्वेदी ने दावा किया कि हमलावरों ने चाकू और अन्य हथियार लेकर सभा में घुसकर उपस्थित लोगों पर हमला किया।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि अपराधियों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुलिस ने बताया कि आरोपी नसीब चौधरी व उसके बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि जांच जारी है। घटना से आक्रोशित कुछ लोगों ने कुछ देर के लिए दिल्ली-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया, हालांकि बृहस्पतिवार देर रात उन्होंने जाम खत्म कर दिया। बाद में, कार्यकर्ताओं ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109 (हत्या का प्रयास) के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

मामले की जांच सहायक पुलिस आयुक्त (जयपुर पश्चिम) आलोक गौतम कर रहे हैं। स्थानीय करणी विहार पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, घटना बृहस्पतिवार रात जयपुर के करणी विहार स्थित एक मंदिर में आरएसएस सदस्यों से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान हुई। दो स्थानीय निवासियों ने शोर और भीड़ पर आपत्ति जताई, जिससे आरएसएस कार्यकर्ताओं के साथ झड़प हो गई। स्थिति उस समय बिगड़ गई जब दोनों व्यक्तियों ने अपने समूह के और लोगों को बुला लिया, जिसके परिणामस्वरूप कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ। कुछ घायलों ने बताया कि वे भजन में हिस्सा ले रहे थे और खीर बांट रहे थे, तभी हमलावरों ने घर में घुसकर उन पर हमला कर दिया।

# सात विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए पर्चे भरने की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हो गई। अधिकारियों ने कहा कि नामांकन 25 अक्टूबर तक किए जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने राजस्थान में विधानसभा की सात रिक्त सीटों पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही, झुंझुनू, दौसा, रामगढ़, देवली-उनियारा, खींवसर, सलूम्बर और चौरासी सीट पर नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई।

महाजन ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। उन्होंने बताया कि नामांकन-पत्र संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे के बीच पेश किए जा सकेंगे। वहीं, 20 अक्टूबर को रविवार का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं किए जा सकेंगे। नामांकन-पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर तय की गई है।

जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान 13 नवंबर को होगा। मतदाता सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट डाल सकेंगे। परिणाम 23 नवंबर को आएंगे।

# भीलवाड़ा कलेक्टर ऑफिस में आत्मदाह की कोशिश, सुरक्षा कर्मियों ने युवक को बचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा जिला कलेक्टर कार्यालय में शुक्रवार को एक युवक ने आत्मदाह की कोशिश की, जिसे सुरक्षाकर्मियों ने समय रहते रोक लिया। यह घटनाक्रम उस समय हुआ जब युवक, जिसकी पहचान राजू बंजारा (39) के रूप में हुई है, अपने साथ पेट्रोल की बोतल लेकर आया था और खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास कर रहा था। राजू ने सुरक्षा कर्मियों को बताया कि उसकी पत्नी प्रियंका, 5 साल के बेटे और 12 दिन की बेटी को लेकर मायके गई है। उसने आरोप लगाया कि उसके साले ने उसे परेशान करते हुए 4 लाख रुपये लिए हैं, जो वह पत्नी को भेजने के नाम पर मांगता रहा है। वह परेशान होकर आत्मदाह का प्रयास करने लगा।

राजू ने यह भी बताया कि उसने प्रताप नगर थाने में दो-तीन बार शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने उसे बाहर भगा दिया। उसकी इन परेशानियों के चलते उसे यह कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा। फिलहाल, कोतवाली थाना पुलिस ने उसे शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है, और उसके खिलाफ पूछताछ जारी है। इस घटना ने सभी को चौंका दिया और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस तरह की घटनाएं यह दिखाती हैं कि समाज में कई लोग मानसिक और आर्थिक तनाव का सामना कर रहे हैं, जो अंततः उन्हें आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर कर सकता है।ये भी पढ़ें - अपने राज्य / शहर की खबर अख़बार से पहले पढ़ने के लिए




# राइजिंग राजस्थान में जयपुर अहम जिम्मेदारी निभाएगा : सोनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आयोजन की तैयारियों की तैयारियों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किये। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट में अधिक से अधिक निवेश के लिए संपूर्ण जिले के उद्यमियों से संपर्क करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि मीट में ज्यादा से ज्यादा निवेश प्रोत्साहन एवं एमओयू हस्ताक्षर किये जाएं इसके लिए विभागीय अधिकारी हर संभव प्रयास करें एवं निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को उद्यमियों के साथ साथ औद्योगिक संगठनों से भी संपर्क करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के संगठनों के पदाधिकारियों को भी निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश प्रदान किये। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 का आयोजन 9, 10 और 11 दिसंबर 2024 को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है।

# विरोध करने वाले शिक्षक मूर्ख : मदन दिलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बारां। राजस्थान के शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने शिक्षकों को लेकर फिर विवादास्पद बयान दिया है। दिलावर ने टीचर्स के कम कपड़े पहनकर स्कूल आने के अपने बयान पर फिर सफाई दी है। हालांकि, दिलावर ने उनके बयान का विरोध करने वालों को बेवकूफ और मूर्ख बताया है। शुक्रवार को बारां में दिलावर ने कहा- वे शिक्षक बेवकूफ हैं और मूर्ख बता दिया है। दिलावर ने कहा कि वो शिक्षक बेवकूफ हैं, जो मेरे बयान का विरोध कर रहे हैं। बता दें कि मंत्री ने बुधवार को महिला शिक्षकों के पहनावे को लेकर बयान दिया था। जिसका शिक्षक विरोध कर रहे हैं। बता दें कि शिक्षा मंत्री के बयान के बाद शिक्षक वर्ग में आक्रोश व्याप्त है। जोधपुर के सर्किट हाउस में गुरुवार को राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक संघ की प्रदेश महिला संयोजिका बेबी नंदा के नेतृत्व में शिक्षक मंत्री को चूड़ियां भेंट करने पहुंचे थे। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रोक दिया था। वहीं, शिक्षा मंत्री ने महिला शिक्षकों के कपड़े वाले बयान पर सफाई देते हुए कहा था कि मैंने अर्द्धनग्न शब्द का प्रयोग नहीं किया। उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार को बारां दौरे पर पहुंचे। जहां भाजपा नेता आनंद गर्ग के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मिनी सचिवालय सभागार में समीक्षा बैठक से पहले पत्रकारों से चर्चा के दौरान मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि वो शिक्षक बेवकूफ हैं, जो मैंने कहा उसके विरोध में बोल रहे हैं। मैंने यह कहा था कि जो विद्यार्थी है, वह आधा समय मां-बाप के साथ और आधा समय विद्यालय में गुजरता है। ऐसे क्या पहनना चाहिए, क्या खाना चाहिए, कैसी हमारी दृष्टि हो, इससे बच्चे सीखते हैं। जो हमारा व्यवहार रहेगा वैसा ही बच्चे सीखेंगे।



# मंत्री झाबर सिंह खर्रा का दावा, उपचुनाव में बीजेपी सातों सीटों पर विजयी होगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। प्रदेश में सात सीटों पर उपचुनाव होने हैं और हम पूरी तरह से तैयार हैं और हमारा प्रयास होगा कि उपचुनावों को जीतेंगे। उन्होंने कांग्रेस की गठबंधन की रणनीति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हर पार्टी अपना नीति निर्धारण करने को स्वतंत्र है। गठबंधन तो हरियाणा में भी हुआ था, जनता गठबंधन को किस रूप में लेती है, इस पर निर्भर करता है। लेकिंग राजस्थान में पिछले 10 महीने में हमने जिस प्रकार से पेपर चोरों और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ जिस तरह से कार्रवाई की है। संगठित अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, उद्योग जगत में कई तरह के समझौते हुए हैं। आरसीपी के लिए समझौता ऐसी और भी कई बातें हैं, जिसके मार्फत हमें लगता है कि जनता भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करेगी। यह बातें यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कही।

कम्यूनिकेशन गैप और पिछले महीने उनके ही पार्टी के विधायक रामबिलास मीणा द्वारा विधायक के काम नहीं होने के आरोपों पर कहा कि स्थानांतरण एक अलग चीज है और विकासक कार्य अलग चीज है। विकास के कार्यों में कोई कमी नहीं रखी है। यह पहली बार है, जिसने अपने पहले सत्र में जिस तरह का बजट पेश किया है। सामान्यत: सरकार अपने अंतिम वर्ष में इस तरह के बजट पेश करती है, हम बजट क्रियान्वयन के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।

सरकार के यू टर्न और मनोनीत पार्षदों की सूची जारी करने और रातों रात वापस लेने के सवाल पर मंत्री खर्रा बोले कि विभाग के स्तर पर लिपिक और तकनीकी के स्तर पर हुई त्रुटि के साथ दूसरी संस्थान का नाम लिख दिया गया। परिषद की जगह पालिका कर दी गई और पालिका की जगह परिषद कर दिया गया, हम संशोधित सूची जल्दी जारी करेंगे।

# माइनिंग सेक्टर स्टेक होल्डर्स से निवेश के लिए आगे आने का आह्वान : रविकांत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। माइंस एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट प्रदेश में औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन, आर्थिक-सामाजिक विकास, राजस्व की दृष्टि से नई इबारत लिखने जा रहा है। राजस्थान का माइनिंग सेक्टर देश-प्रदेश के आर्थिक विकास का प्रमुख सेक्टर होने से हमें 8 नवंबर को जयपुर में आयोजित प्री समिट और दिसंबर में आयोजित इंवेस्टमेंट समिट में अधिक से अधिक निवेश प्रस्ताव लेकर आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के माइनिंग सेक्टर से रोड़ शो आदि में 45 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं वहीं 8 नवंबर को जयपुर में आयोजित प्री समिट में माइनिंग सेक्टर में 50 हजार करोड़ से अधिक के निवेश के एमओयू हस्ताक्षरित होंगे।

प्रमुख सचिव माइंस टी.रविकान्त शुक्रवार को उदयपुर में उदयपुर मार्बल प्रोसेसिंग समिति भवन में माइनिंग सेक्टर के स्टेक होल्डर्स और माइनिंग एसोसिएशन के




प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कायम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उदयपुर खनिज की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। हमें माइनिंग सेक्टर में एक्सप्लोरेशन, माइनिंग, माइनिंग प्रोसेसिंग यूनिट या इसी तरह के अन्य उद्योगों में निवेश के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार माइनिंग सेक्टर से जुड़े प्रतिभागियों के व्यावहारिक सुझावों का समावेश करते हुए जल्द ही नई माइनिंग नीति लाने जा रही है वहीं व्यवस्था को पारदर्शी और सरलीकरण की दिशा में कदम बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि आज मेजर मिनरल के ऑक्शन में राजस्थान अग्रणी प्रदेश बन गया है। हमारी धरा में बेशकीमती खनिज संपदा है अब हमें उसके वैज्ञानिक तरीके से खनन करना है। टी.रविकान्त ने कहा कि हमें खनिज सेक्टर में राजस्थान को शीर्ष पर लाना है। रोजगार और राजस्व को बढ़ाना है वहीं देश दुनिया के नक्शें में राजस्थान की विशिष्ट पहचान बनानी है। उन्होंने चर्चा के दौरान प्राप्त सकारात्मक सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि गुणावगुण के आधार पर इन्हें लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

निदेशक खान एवं भूविज्ञान भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि विभाग द्वारा स्टेक होल्डर्स से सीधा संवाद करने की सकारात्मक पहल की गई है। पहले जयपुर में, उसके बाद कोटा में और अब उदयपुर में स्टेक होल्डर्स से सीधा संवाद कायम किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे एक दूसरे की समस्याओं को समझने का अवसर मिलता है वहीं कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने का अवसर मिलता है। डीएमजी कलाल ने बताया कि राजस्थान माइनिंग सेक्टर में देश के नक्शे में तेजी से आगे बढ रहा है। कई खनिजों मे तो हमें समूचे देश में सबसे आगे हैं। अब नई खनिज नीति आने से इस सेक्टर का और अधिक तेजी से विकास होगा। माइनिंग एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों और स्टेक होल्डर्स ने एक स्वर में सरकार की पहल की सराहना की वहीं क्लीयरेंस में तेजी लाने के लिए सिंगल विण्डो सिस्टम विकसित करने, ईज ऑफ डूइंग, टीपी, आरसीसी-ईआरसीसी व्यवस्था समाप्त करने, रवन्ना व रॉयल्टी दरों के पुनरीक्षण करने, एमसेंड पर रॉयल्टी दर बजरी रॉयल्टी से कम करने, एक्सप्लोरेशन में निजी क्षेत्र की भागीदारी भी तय करने सहित महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इस अवसर पर राजसमंद से मार्बल माइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष, मिनरल माइंस वेलफेयर संस्था के अध्यक्ष,राजसमंद फैडरेशन, अल्ट्राटेक सीमेंट, उदयपुर सीमेंट, अप्रधान खनिज खनन संघ, खनिज पर्यावरण सुधार समिति भीलवाड़ा, उपरमाल पत्थर खनन व्यवसाय संघ, मेसेनरी स्टोन माइंस एसोसिएशन, ग्रीन मार्बल माइंस एसोसिएशन, मार्बल प्रोसेसर एसोसिएशन, सोप सटोन खनन पट्टाधारी ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इनके अतिरिक्त विभाग के अन्य उद्याधिकारी भी मौजूद रहे।




# मारवाड़ उत्सव का समापन, लोक कलाकारों की मनभावन प्रस्तुतियों ने मंत्रमुग्ध किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। लोक कलाकारों की मनभावन प्रस्तुति के साथ ही दो दिन तक चले मारवाड़ उत्सव का समापन हो गया। समारोह की शुरूआत में देश और प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लंगा गायन, नृत्य, चकरी नृत्य, भपंग वादन, 13 ताली नृत्य, चरी नृत्य और कालबेलिया की रंगारंग प्रस्तुति देकर पर्यटकों और ग्रामीणों का मन मोह लिया।

महोत्सव में 35 से अधिक देशों के पर्यटक शामिल हुए। इस दौरान अलवर के प्रसिद्ध बनेसिंह ने रिम भवाई नृत्य और किशनगढ़ की चरी नृत्य का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में भव्य आतिशबाजी देखने को मिली। समापन समारोह से पहले सुबह प्राचीन शिव मंदिर से जैन मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई निकली। इस दौरान शहरवासियों ने छतों से फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। दोपहर में समारोह स्थल पर प्रशासन एवं ग्रामीणों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मुख्यतः कबड्डी, रस्साकशी, मटकी दौड़ आकर्षण का केंद्र रहीं। समारोह में देश-विदेश से पहुंचे पर्यटकों ने चटपटे राजस्थानी व्यंजनों का स्वाद भी लिया। साथ ही इस बीच कैमल सफारी, जीप सफारी का लुफ्त भी पर्यटक उठाते हुए नजर आए।

समारोह में संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह, पर्यटन विभाग जोधपुर, उपनिदेशक सरिता फिरोदा, पर्यटन अधिकारी चिमनाराम प्रजापत सहित हजारों की तादाद में पर्यटक मौजूद रहे। 2 दिन तक चले इस समारोह के समापन अवसर पर गांव के धोरों के बीच आतिशबाजी की गई और इसके साथ ही फिर मिलने का वचन लेते हुए गुब्बारे छोड़कर समारोह का समापन हुआ।

# कांग्रेस आलाकमान जनता की आवाज पर प्रत्याशी तय करेगा : जूली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान में सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा, इन चुनावों के लिए कांग्रेस में रायशुमारी हो चुकी है। कुछ जगह पर चर्चाएं बाकी हैं, इसके लिए पर्यवेक्षक अभी जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सातों सीटों पर जनता की आवाज पर कांग्रेस आलाकमान टिकट दे रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की आवाज और रामगढ़ (अलवर) की जनता जो चाहती है, उसी आधार पर कांग्रेस के टिकट का फैसला होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में बीजेपी की तरह कार्य नहीं होता। जहां जनता की आवाज नहीं सुनी जाती और ऊपर से प्रत्याशी थोपे जाएं। कांग्रेस पार्टी में एक-एक कार्यकर्ता की आवाज सुनी जाती है और उसी के आधार पर टिकट का बंटवारा होता है। उन्होंने कहा कि यदि रामगढ़ उपचुनाव बीजेपी हार भी जाएगी तो उनका काम चलता रहेगा, ऐसा उनका सोचना है। इसलिए टिकट के लिए कई लोग कतार में हैं।

उन्होंने कहा कि बीजेपी अपना कितना प्रभाव रामगढ़ में छोड़ रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विधानसभा चुनाव में उनके कैंडिडेट को 30 हजार वोट ही मिल पाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के 10 महीने के कार्यकाल में न तो किसान को खाद मिल पा रही है न ट्रांसफार्मर, न बिजली, न पानी। जो किसान का काम कर नहीं सकते नौकरी दे नहीं सकते, इनका काम सिर्फ झूठे आंकड़े पेश करना और तुष्टिकरण की राजनीति करना है।

उन्होंने कहा कि आचार संहिता के बाद ऐसा लग नहीं रहा कि आचार संहिता की पालना की जा रही है। यह लोग संविधान को नहीं समझते। यह बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को कमजोर करने की साजिश है। यही कारण है कि पिछली बार भी इनको इसका खामियां जब भुगतना पड़ा था और इस बार भी उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भाजपा साम दाम दंड भेद की राजनीति कर उपचुनाव जीतने की कोशिश में हैं।

# सभी घुमंतू परिवारों को मिले अपनी छत : दिलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को बारां जिले के मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने घुमंतू और अर्ध घुमंतू परिवारों को पट्टा वितरण, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, पंचायती राज और शिक्षा विभाग की योजनाओं, मिड डे मील, खाद्य सुरक्षा, मौसमी बीमारियों की स्थिति तथा जिलेभर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले में उर्वरक की किल्लत पर भी संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

बैठक के दौरान मंत्री दिलावर ने घुमंतू और अर्ध घुमंतू समुदाय के 10 लाभार्थियों को पट्टे वितरित कर उनसे संवाद किया। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि जिले में अब तक 1266 परिवारों को चिन्हित किया जा चुका है, जिनमें से 751 परिवारों को पट्टे वितरित किए गए हैं। मंत्री दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर परिवार के पास अपनी छत हो और कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को सर्वेक्षण अभियान दोबारा चलाने और छूटे हुए परिवारों को चिन्हित करने के निर्देश दिए।




दिलावर ने स्वच्छता ही सेवा अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि अगले 2 वर्षों में राजस्थान देश का सबसे स्वच्छ प्रदेश बने। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए और बारां जिले से एक आदर्श के रूप में उभरने की अपेक्षा जताई। मंत्री ने कहा कि सरकार के पास स्वच्छता अभियान के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध हैं, और अधिकारियों को मिशन मोड पर काम कर स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। दिलावर ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों को 100 प्रतिशत प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने पॉलिथीन और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर चर्चा की और इसके उपयोग पर नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।

# उत्तर प्रदेश की असीमित क्षमता से एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की असीमित उत्पादकता से राज्य को एक हजार अरब रुपए की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी।

आदित्यनाथ ने यहां योजना भवन में एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य से जुड़ी समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

यहां जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक में राज्य सरकार के मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, सलाहकारों और विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिसमें लक्ष्य को साकार करने के लिए जारी प्रयासों, अब तक प्राप्त हुए परिणामों और भविष्य की नीतियों पर चर्चा की गई। बयान के अनुसार परामर्श एजेंसी 'डेलॉइट इंडिया' ने राज्य के वर्तमान आर्थिक माहौल के बारे में क्षेत्रवार विस्तृत जानकारी दी।

आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले सात वर्ष के नियोजित प्रयासों के कारण, उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। उन्होंने कहा, 2021-22 में राज्य की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ रुपए थी जो आज 2023-24 में बढ़कर 25.48 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। इस वर्ष हमारा जीएसडीपी लक्ष्य 32 लाख करोड़ रुपए है। सभी के सहयोग से यह लक्ष्य भी हासिल कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, इन सात वर्षों में जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हो गई है। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में देश के विकास का इंजन बन रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि क्षेत्रवार विकास के सरकारी प्रयासों से अप्रत्याशित परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार, होटल, परिवहन और प्रसारण से संबंधित संचार सेवाओं में प्रगति हुई है और अन्य क्षेत्रों में भी यही स्थिति है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी विभागों का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है और पिछले साल का रिपोर्ट कार्ड विभागों के सक्रिय प्रयासों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमारी नीति और योजना सही दिशा में आगे बढ़ रही है, लेकिन इस महत्वपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें अपनी गति को और तेज करने की आवश्यकता है।

## नकवी की मुसलमानों से अपील: भाजपा से एलर्जी नहीं रखें, उस पर विश्वास करें



**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर विश्वास करने की अपील की और कहा कि जब यह पार्टी भेदभाव के बिना विकास करती है, तो फिर एलर्जी का कोई मतलब नहीं है।

नकवी के कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उत्तर प्रदेश के रामपुर में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में उन्होंने यह भी कहा कि ''बलवाइयों पर रहम, बाहुबलियों पर करम और समाज पर सितम'' की स्वार्थी सियासत का भी सूपड़ा साफ़ करना होगा।

नकवी ने भाजपा के सदस्यता अभियान के अंतर्गत अपनी सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण भी किया। उन्होंने कहा, ''भारतीय जनता पार्टी से एलर्जी को भाजपा विरोधियों की 'एनर्जी' में जुटे कुछ गुमराह लोगों को भी हमें हमराह लाने का प्रयास करना होगा। भाजपा विकास में कमी नहीं करती, तो विश्वास में कंजूसी नाजायज़ है।''

पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा, ''हमें सामंती सियासी सूरमाओं के सांप्रदायिक साज़िश से सावधान रहना होगा, संवैधानिक पंथनिरपेक्षता और समावेशी समृद्धि के लिए समाज में सौहार्द और सुरक्षा सर्वाधिक ज़रूरी है।''



## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के बेटे ने प्रतिबंध के बावजूद महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**उज्जैन (मप्र)/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे व सांसद श्रीकांत शिंदे ने प्रतिबंध के बावजूद यहां महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। विपक्षी दल कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि आम लोगों को भगवान के दर्शन के लिए घंटों कतार में इंतजार करना पड़ता है जबकि अति विशिष्ट व्यक्ति (वीआईपी) को प्रतिबंध के बावजूद गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति दे दी गई।

सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्रीकांत शिंदे ने बृहस्पतिवार शाम को अपनी पत्नी और दो अन्य लोगों के साथ भगवान की पूजा करने के लिए गर्भगृह में प्रवेश किया। इसका वीडियो वायरल होते ही विवाद शुरू हो गया, क्योंकि गर्भगृह में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर करीब एक साल से प्रतिबंध लगा हुआ है। महाकालेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यह देश के 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक है और यहां साल भर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

कांग्रेस विधायक महेश परमार ने शुक्रवार को नाराजगी जताते हुए कहा, आम श्रद्धालु को भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए घंटों तक लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है जबकि वीआईपी को प्रतिबंध के बावजूद गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति दी गई। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यह नियमों के खिलाफ है और हम इसका कड़ा विरोध करते हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष और उज्जैन के जिला कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कहा, किसी को भी गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति नहीं है। यह (शिंदे का) अनधिकृत प्रवेश है और मैंने मंदिर प्रशासक को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

मंदिर के प्रशासक गणेश धाकड़ ने कहा कि जांच के आदेश दे दिए गए हैं और गर्भगृह के प्रवेश व अन्य पहलुओं की देखरेख के लिए जिम्मेदार निरीक्षक के साथ-साथ अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## तेदेपा ने राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : नायडू



**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा कि क्षेत्रीय दल होने के बावजूद तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने राष्ट्रीय राजनीति और कई बार केंद्र में सरकार बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तेदेपा सांसदों, विधायकों और विधानपार्षदों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, भले ही हम एक क्षेत्रीय पार्टी हैं, लेकिन हमने राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम एक समय केंद्रीय भूमिका में थे और हमने राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्त मोर्चा का गठन किया और केंद्र में सरकार बनाने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि किसी पद की उम्मीद किए बिना, तेदेपा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार को छह साल तक समर्थन दिया था। नायडू ने कहा कि जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले तेदेपा के साथ गठबंधन के लिए उनसे संपर्क किया था। उन्होंने कहा कि अभिनेता-नेता यह नहीं चाहते थे कि वोट विपक्षी दलों के बीच बंट जाए। उन्होंने कहा कि बाद में भारतीय जनता पार्टी ने तेदेपा से संपर्क कर उनसे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने का अनुरोध किया। पूर्ववर्ती वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी सरकार पर हमला करते हुए नायडू ने कहा कि राज्य पर 10.5 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है।

### यूसीसी लागू करने संबंधी नियमों का मसौदा प्राप्त होने पर धामी ने कहा:

## यूसीसी सभी की समानता सुनिश्चित करेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किये जाने के लिए नियमों और विनियमों का अंतिम मसौदा शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया गया। पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय समिति ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री धामी को यह दस्तावेज सौंपा। यह समिति राज्य सरकार ने गठित की थी।

धामी ने मसौदा प्राप्त होने के तुरंत बाद संवाददाताओं से कहा कि इसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लिए समान व्यवहार सुनिश्चित करना और महिलाओं को सशक्त बनाना है। राज्य सरकार को समान नागरिक संहिता का मसौदा सौंपे जाने से उत्तराखंड में इसे लागू किये जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उत्तराखंड सरकार अब मसौदे का अध्ययन करेगी और उसे राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष रखेगी। मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। इसे लागू किए जाने के बाद उत्तराखंड इसे क्रियान्वित करने वाला देश का पहला राज्य हो जाएगा।

धामी ने कहा कि नियमों का मसौदा चार भागों में विभाजित है -- विवाह और तलाक, उत्तराधिकार, 'लिव-इन' संबंधों और जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं का निर्धारण। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''इसे (यूसीसी को) किसी वर्ग को निशाना बनाने के लिए नहीं लाया जा रहा। इसका उद्देश्य सभी के लिए समानता और महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण सुनिश्चित करना है।'' उन्होंने कहा कि यूसीसी को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा के बाद जल्द ही लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हम इसका अध्ययन करेंगे, इसके कानूनी और अन्य पहलुओं की समीक्षा करेंगे, इस पर विस्तार से चर्चा करने के लिए इसे मंत्रिमंडल के समक्ष रखेंगे और इसे लागू करेंगे।'' उन्होंने कहा कि इसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया में शामिल किए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित करने की आवश्यकता होगी।

धामी ने कहा कि प्रस्तावित नियमों में विवाह, तलाक और 'लिव-इन' संबंधों के अनिवार्य पंजीकरण के लिए ऑनलाइन सुविधाएं मुहैया कराना शामिल है ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का उद्देश्य विवाह और तलाक, उत्तराधिकार, 'लिव-इन' संबंधों और संबंधित मामलों से जुड़े कानूनों को विनियमित करना है। भारतीय जनता पार्टी शासित कई राज्यों ने इसका अनुकरण करने की इच्छा जताई है।

## बहराइच हिंसा में मारे गए युवक की पत्नी ने मांग के अनुरूप न्याय नहीं दिलाने का आरोप लगाया



**लखनऊ/बहराइच (उप्र)/भाषा।** बहराइच में हुई सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए युवक की पत्नी ने दावा किया है कि परिवार को मांग के अनुरूप न्याय नहीं मिल रहा। सोशल मीडिया पर बृहस्पतिवार को सार्वजनिक हुए एक वीडियो संदेश में मृतक राम गोपाल मिश्रा की पत्नी रोली मिश्रा ने कहा, मैं राम गोपाल मिश्रा की पत्नी हूं, जिनकी चार दिन पहले हत्या कर दी गई थी। हम न्याय की मांग कर रहे हैं, जो हमें नहीं मिल रहा। प्रशासन हमें न्याय नहीं दिला पा रहा।'' रोली ने कहा, ''उन्होंने (पुलिस) रिश्वत ली है। वे (दोषी) पकड़े जरूर गए हैं, लेकिन मारे नहीं गए हैं। रोली ने कहा, पुलिस और प्रशासन हमारे साथ अन्याय कर रहे हैं। हमें वह नहीं मिल रहा जो हम चाहते हैं। इससे पहले, रोली ने बहराइच हिंसा के दोषियों के लिए मौत की सजा की मांग की थी। हिंसा के बाद जब रोली से पूछा गया कि वह दोषियों के लिए क्या सजा चाहती हैं, तो उन्होंने कहा, हम उनकी मौत चाहते हैं।

## लखनऊ में अनाथालय से नौ नाबालिग लड़कियां लापता, दो बरामद हुईं

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र के श्रीराम औद्योगिक अनाथालय से शुक्रवार सुबह नौ नाबालिग लड़कियां लापता हो गईं, जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर दो को बरामद कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, लड़कियां शुक्रवार की सुबह बाथरूम के रोशनदान की जाली काटकर अनाथालय से भाग गईं। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) ब्रजनारायण सिंह ने कहा, लापता हुईं दो लड़कियों को बरामद कर लिया गया है, जबकि सात अब भी लापता हैं। लापता लड़कियां आसपास के जिलों की मूल निवासी हैं। एसीपी ने कहा, हमने उनके परिवारों से संपर्क किया है और रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तलाशी की जा रही हैं।

## एनएचआरसी प्रमुख ने स्थापना दिवस समारोह में संदेशखालि मामले का जिक्र किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की कार्यवाहक अध्यक्ष विजया भारती सयानी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न के मामले का जिक्र किया और इस मामले में मौके पर जाकर जांच करने के बाद आयोग द्वारा रिपोर्ट में इस्तेमाल किए गए कुछ कठोर बयानों का उल्लेख किया। उन्होंने यहां विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की 31वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस अवसर पर आयोग के उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित थे। सयानी ने कहा, एनएचआरसी ने हिरासत में मौत, बंधुआ मजदूरी, हाशिए पर पड़े समूहों का शोषण और चिकित्सा देखभाल से इनकार सहित मानवाधिकार उल्लंघन के व्यापक मामलों का समाधान किया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न के मामले और इस वर्ष अप्रैल में प्रकाशित एनएचआरसी की जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों को भी याद किया।

सयानी ने कहा, एनएचआरसी ने हाल ही में पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न और यौन हमलों की गंभीर रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। एनएचआरसी सदस्यों द्वारा मौके पर की गई जांच में भय और धमकी का माहौल सामने आया, जिससे पीड़ितों को न्याय मांगने में बाधा आई। संदेशखालि मामले ने इस वर्ष के प्रारंभ में राजनीतिक रंग ले लिया था जब पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से जुड़े एक नेता के खिलाफ कुछ कथित महिला पीड़ितों द्वारा आरोप लगाए गये थे।

मीडिया में व्यापक रूप से प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में, मानवाधिकार आयोग ने टिप्पणी की कि कथित आरोपी व्यक्तियों द्वारा किए गए अत्याचारों के कारण उत्पन्न माहौल ने पीड़ितों को चुप कर दिया, जबकि धमकी और आतंक ने उन्हें न्याय मांगने में अनिच्छुक बना दिया।



## खेल विधेयक में प्रस्तावित नियामक प्राधिकरण से खेल संघों की स्वायत्तता को नुकसान : उषा

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे के कुछ प्रावधानों पर चिंता जताते हुए कहा कि इसमें प्रस्तावित नियामक प्राधिकरण आईओए और राष्ट्रीय महासंघों की स्वायत्तता को कमजोर करेगा और इससे देश पर अंतरराष्ट्रीय निलंबन का खतरा होगा।

उषा ने खेल मंत्री मनसुख मांडविया को लिखे पत्र में यह भी कहा कि विधेयक राज्य ओलंपिक संघों (एसओए) की भूमिका पर स्पष्टता प्रदान नहीं करता है, जिससे खेल प्रशासन के विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया कमजोर हो जाती है।

उनकी सबसे बड़ी चिंता हालांकि आईओए और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) की स्वायत्तता को लेकर है। विधेयक के प्रस्ताव में भारतीय खेल नियामक बोर्ड के गठन का जिक्र है जो उनके कामकाज की देखरेख करेगा।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' की शुरुआत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**भागलपुर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में हाल में हुई सांप्रदायिक हिंसा हिंदुओं के सामने मौजूद खतरे का सबूत है और देश में बहुसंख्यक होने के बावजूद उन्हें संगठित होने की जरूरत है।

वरिष्ठ भाजपा नेता अपने लोकसभा क्षेत्र बेगूसराय से लगभग 150 किलोमीटर दूर भागलपुर जिले से अपनी हिंदू स्वाभिमान यात्रा शुरू करने से पहले पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सिंह ने संवाददाताओं से कहा, यह यात्रा मेरी पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम नहीं है। मैं हिंदू के रूप में पैदा हुआ हूं और हिंदू के रूप में ही मरूंगा और इसलिए, मेरा कर्तव्य है कि मैं यह सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास करूं कि मेरा समुदाय सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा, हिंदू संगठित नहीं हैं, यही कारण है कि बहुसंख्यक होने के बावजूद वे खतरे में हैं। बहराइच में दुर्गा पूजा जुलूस पर हमला किया गया। बिहार के सीतामढ़ी जिले में भी ऐसी ही घटना हुई। ऐसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं, जबकि हिंदुओं ने मुहर्रम के दौरान मुसलमानों द्वारा निकाले जाने वाले ताजिया जुलूसों का कभी अनादर नहीं किया। मैं खुद कई मौकों पर ताजिया जुलूसों का हिस्सा रहा हूं।

केंद्रीय मंत्री ने बांग्लादेश में हिंदू बहनों द्वारा झेले जा रहे अपमान और पाकिस्तान में इस समुदाय के लगभग विलुप्त होने पर भी अफसोस जताया। साथ ही उन्होंने देश के विभाजन के समय जनसंख्या का पूर्ण आदान-प्रदान सुनिश्चित करने की आंबेडकर की सलाह पर ध्यान नहीं देने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर भी निशाना साधा।

सिंह की यात्रा भगवान शिव के प्रसिद्ध मंदिर बाबा बूढ़ानाथ मंदिर से शुरू हुई, जहां धार्मिक नेताओं ने उन्हें एक विशाल त्रिशूल भेंट किया।

सिंह ने कहा कि उन्होंने भागलपुर को अपनी यात्रा के लिए चुना क्योंकि इस शहर में कई पुराने घाव हैं। उनका इशारा हिंदुओं और मुसलमानों के बीच झड़पों की विभिन्न घटनाओं की ओर था।



## केंद्रीय मंत्री मांझी ने गिरिराज की 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' को दिया समर्थन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी गिरिराज सिंह द्वारा शुरू की गई 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' को समर्थन दिया। इस यात्रा की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जैसी विपक्षी पार्टियों ने आलोचना की है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जदयू ने भी यात्रा के दौरान संभावित सांप्रदायिक तनाव के बारे में चिंता व्यक्त की है। यह यात्रा आने वाले दिनों में बिहार के कई जिलों से होकर गुजरेगी।

सिंह की यात्रा के बारे में पूछे जाने पर केंद्र सरकार में बिहार से एक अन्य प्रमुख चेहरे मांझी ने कहा, हमारा एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है... किसी विशेष धर्म को बढ़ावा देने के लिए धर्म परिवर्तन करने पर कोई रोक नहीं है। ऐसी स्थिति में यदि वह (गिरिराज) किसी विशेष धर्म का प्रचार करने जा रहे हैं, तो इसमें बुराई क्या है? इसे राजनीतिक चश्मे से क्यों देखा जा रहा है?

### डेनमार्क ओपन

## पीवी सिंधू क्वार्टरफाइनल में हारीं, भारत का अभियान खत्म

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ओडेन्से/भाषा।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू शुक्रवार को यहां क्वार्टरफाइनल में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया टुनजंग से हार गईं जिससे डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। सिंधू (29 वर्ष) करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 9-21 से पराजित हो गईं।

इंडोनेशिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी टुनजंग ने पूरी तरह मैच में दबदबा बनाया, हालांकि सिंधू फिर भी दूसरा गेम जीतने में सफल रहीं। अब पांचवीं वरीयता प्राप्त टुनजंग का सामना सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन से यंग से होगा।

टुनजंग ने पहले गेम में लगातार आठ अंक जुटाने के बाद इसे आसानी से अपने नाम कर लिया। लेकिन प्री क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीय चीन की हान युए को हराकर उलटफेर करने वाली सिंधू दूसरे गेम में बिलकुल बदली हुई नजर आयीं और 6-1 से आगे हो गईं। उनकी प्रतिद्वंद्वी ने इसे 6-6 से बराबर कर लिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 9-7 से बढ़त हासिल कर ली। सिंधू ने फिर इसे 11-10 कर दिया। वह आसानी से 19-15 से आगे चल रही थीं और जल्द ही 21-16 से जीत कर स्कोर 1-1 कर दिया। पर निर्णायक गेम में वह लय जारी नहीं रख सकीं और टुनजंग ने वापसी करते हुए मैच जीत लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पेरिस खेलों से खाली हाथ लौटीं थीं जिसके बाद से सत्र उनके लिए निराशाजनक ही रहा है।

# सरफराज और विराट कोहली की अर्द्धशतकीय पारियों से भारत ने किया पलटवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु/भाषा।** सरफराज खान (नाबाद 70) और विराट कोहली (70) के बीच तीसरे विकेट के लिए 163 गेंद में 136 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने तीन मैच की श्रृंखला के पहले टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी दूसरी पारी को तीन विकेट पर 231 रन तक पहुंचा कर मजबूत वापसी की।

टीम को हालांकि दिन की आखिरी गेंद पर कोहली के आउट होने से झटका लगा जो अपनी 102 गेंद की पारी के दौरान टेस्ट में 9000 रन पूरे करने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बने। ग्लेन फिलिप्स (36 रन पर एक विकेट) की गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के दस्तानों पर चली गयी। उन्हें दूसरे छोर से सरफराज का अच्छा साथ मिला था जिन्होंने 70 गेंद की तेजतर्रार नाबाद पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाये। पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने वाली भारतीय टीम अब भी न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे है। इससे पहले दिन के दूसरे सत्र में न्यूजीलैंड की पहली पारी 402 रन पर सिमटी। रचिन रविंद्र ने 157 गेंद में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 134 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने टिम साउथी (65) के साथ साथ आठवें विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी कर मैच पर दबदबा कायम किया। साउथी ने 73 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के लगाये। मैच में बने रहने के लिए भारत को अच्छी शुरुआत की जरूरत थी। कप्तान रोहित शर्मा (52) और युवा यशस्वी जायसवाल (35) की जोड़ी ने ऐसा ही किया। दोनों ने संभल कर बल्लेबाजी करते हुए चाय के विश्राम टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया। रोहित इस दौरान फ्लिक कर शानदार चौके जड़े तो वही जायसवाल ने कवर क्षेत्र में गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। दिन के आखिरी सत्र में एजाज पटेल (70 रन पर दो विकेट) ने भारत को दो बड़े झटके दिये। उनकी गेंद पर जायसवाल बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में गच्चा खा गये और ब्लंडेल ने गिल्लियां बिखेर दी।

## सुविचार

**अहंकार ही असल रूप में माया है। अतः मनुष्य को इसका त्याग कर देना चाहिए। अहंकार को त्याग कर के ही मनुष्य अपने लक्ष्य तक पहुंच सकता है।**


## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# हकीकत से परे भुखमरी सूचकांक

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भुखमरी सूचकांक का जिक्र करते हुए सत्य कहा है कि कुछ ताकतें भारत की 'खराब छवि' पेश करने की कोशिश कर रही हैं। यह सिलसिला बहुत पुराना है। आज़ादी से पहले भी ऐसी ताकतें सक्रिय थीं, जिन्होंने दुनियाभर में हमारी बहुत गलत छवि पेश की थी। यह जानकर हैरत होती है कि सोशल मीडिया के दौर में लोग उन गलत दावों पर आंखें मूंदकर भरोसा कर लेते हैं। स्वामी विवेकानंद वर्ष 1893 में जब विश्व धर्म संसद को संबोधित करने के लिए अमेरिका गए तो उनका सामना भी ऐसे लोगों से हुआ था, जिनके दिलो-दिमाग में भारत के बारे में गलत बातें भरी गई थीं। उन्होंने यथासंभव उनका मार्गदर्शन किया और अपने पत्रों में इस पर खूब लिखा कि भारत के बारे में पश्चिमी देशों की जानकारी कितनी भ्रामक है! उस ज़माने में अमेरिका समेत पश्चिम के कई देशों में ऐसी भ्रांतियां थीं कि भारत में जिन महिलाओं के पति की मृत्यु हो जाती है, उन्हें जीने का अधिकार नहीं होता, लोग अपने छोटे बच्चों को रथयात्राओं के पहियों के नीचे फेंक देते हैं, भारत की हर गली में शेर-चीते घूमते हैं ... यही नहीं, हमारे आध्यात्मिक ग्रंथों के बारे में बहुत भ्रामक बातें फैलाई गईं। धीरे-धीरे उन लोगों ने जाना कि इन बातों में कोई सच्चाई नहीं है। अब जो भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, वे कुछ यूं हैं - भारत में लोगों के पास पर्याप्त अन्न नहीं है ... यहां शौचालय सिर्फ अमीरों के घरों में हैं ... भारत में ज्यादातर लोगों के पास अपने घर नहीं हैं, इसलिए वे रात को फुटपाथों पर सोते हैं ... यहां लोगों को अंग्रेज़ी नहीं आती ... यहां वैज्ञानिक प्रगति नहीं हुई है!

ये भ्रांतियां उस दौर में प्रचलित हैं, जब भारत के खेतों में खूब फसलें हो रही हैं, घर-घर में शौचालय बन गए हैं, लोगों के बैंक खाते खुल गए, डिजिटल पेमेंट में तो हम हर साल अपना ही रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं, हमारे विश्वविद्यालयों से डिग्री लेकर निकले लोग बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ बन गए और इसरो के वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा के दम पर अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल कर ली हैं। वास्तव में भारत की छवि खराब करने को लेकर दुनियाभर में कई संगठन काम कर रहे हैं। वे साजिशन लोगों के मन में यह बात बैठाना चाहते हैं कि भारत गरीबी, भ्रष्टाचार, अशिक्षा, भुखमरी, अंधविश्वास समेत कई समस्याओं से ग्रस्त ऐसा देश है, जिसमें सुधार की संभावना बहुत कम है। इसके लिए कई कथित थिंक टैंक बनाए गए हैं, जिनका काम यह है कि वे समय-समय पर ऐसे शिगूफे छोड़ते रहें, जिनमें इस बात का दावा किया जाए कि भारत में असहिष्णुता बहुत बढ़ गई है, लोगों में सद्भाव की कमी है, यहां लोग नाउम्मीद हो चुके हैं ...! हर साल ऐसी कथित रिपोर्टें सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हैं। अगर हाल में आए भुखमरी सूचकांक को ही देखें तो इससे साफ पता चलता है कि जिन लोगों ने रिपोर्ट तैयार की, उन्हें भारत के बारे में आधी-अधूरी जानकारी रही होगी। इसमें भारत को श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश से भी पीछे बताया गया है! ये वे देश हैं, जिनकी अर्थव्यवस्थाएं भारत के सहयोग से चल रही हैं। बड़ा सवाल तो यह भी है कि रिपोर्ट तैयार करने से पहले इनके शोधकर्ता वास्तव में लोगों से मिले हैं या वॉट्सऐप पर आई किसी फोटो को देखकर धारणा बना ली? अगर ऐसा कोई शोधकर्ता भारत के दूर-दराज के गांव में जाकर किसी मज़दूर से भी पूछताछ करेगा तो वह उसे बिना भोजन कराए नहीं जाने देगा। गांवों में ऐसा हो ही नहीं सकता कि मेहमान आए और लोग उसे कुछ न खिलाएं। भारत सरकार कोरोना महामारी से लेकर आज तक करोड़ों परिवारों को हर महीने मुफ्त राशन उपलब्ध करवा रही है। इसके बावजूद कुछ 'बुद्धिजीवियों' को यहां श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश से भी ज्यादा भुखमरी नजर आती है तो उन्हें सही अध्ययन करने के साथ अपने रवैए में निष्पक्षता लाने की जरूरत है।

## ट्वीटर टॉक




आज नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय भारतीय नृत्य महोत्सव में सहभागिता करने का अवसर मिला। भारत अपनी लोक कलाओं और विविध संस्कृतियों से समृद्ध राष्ट्र है, जो समस्त विश्व को सांस्कृतिक मेल और प्रगति का संदेश देता है।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



शरद पूर्णिमा के अवसर पर आरएसएस द्वारा आयोजित खीर वितरण कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों पर चाकूबाजी और जानलेवा हमले की घटना अत्यंत निंदनीय और दुःखद है। इस हिंसक घटना में घायल हुए सभी स्वयंसेवकों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूँ।

**-दीया कुमारी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में आयोजित मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक में सम्मिलित हुआ। मोदीजी के नेतृत्व में एनडीए, भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर देश बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहा है।

**-राजनाथ सिंह**

## प्रेरक प्रसंग

# खुशियों का पाठ

एक बार अल्बर्ट आइंस्टाइन को किंडरगार्टन में जाने का निमंत्रण मिला। वहां आसपास के प्रबुद्ध जन भी पधारे हुए थे। किंडरगार्टन में अल्बर्ट आइंस्टाइन के सान्निध्य में दिन भर का एक शानदार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आइंस्टाइन जब वक्तव्य देने लगे तो वह इन बच्चों से मिलकर गदगद थे। उनकी बातों में धन्यवाद भरा था। वह बार-बार यही कह रहे थे कि आज इन बच्चों से कितनी अनमोल बातें सीखकर जा रहे हैं। आनंदित रहना, खुश होकर काम करना, बुरा अहसास चट से भूल जाना, हंसते रहना वगैरह, वगैरह। अल्बर्ट आइंस्टाइन ने एक बार फिर अपने श्रोताओं को अपनी सरलता और भावुकता से भाव विभोर कर दिया था।

## सामयिक

# 'वोकल फॉर लोकल' से चीन को लगेगा भारी फटका

**अशोक भाटिया**

मोबाइल : 9221232130




**इस बार मुंबई में भी दिवाली पर पर्यावरण के अनुकूल और भारत में बने उत्पादों का चलन दिख रहा है और मुंबईवासी शहर के कुछ प्रसिद्ध बाज़ारों में त्योहार के लिए ऐसी आवश्यक वस्तुएं खरीद रहे हैं, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं हों। बाजारों में मोमबत्तियों से लेकर दीयों और रंगोलियों से लेकर लालटेनों तक दिवाली से संबंधित सामग्री की भरमार है और इस बार जोर भारत में बने उत्पादों पर है।**

दिवाली और उससे जुड़े अन्य त्योहारों के कारण व्यापारी और ग्राहक, दोनों ही उत्साहित हैं। इस बार रक्षा बंधन से लेकर दिवाली तक बाजारों में रौनक छाई हुई है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि इस त्योहारी सीजन में 4.25 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने की उम्मीद है।कैट द्वारा किए गए एक सर्वे में देश के 70 बड़े व्यापारिक केंद्रों से मिले आंकड़ों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है। पिछले साल 3.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था, और इस बार दिल्ली में ही 75 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का व्यापार हो सकता है। त्योहारों के बाद शादी का सीजन भी शुरू होगा, जिससे और बड़ा व्यापार होने की उम्मीद है। त्योहारी सीजन में 70 करोड़ लोग खरीदारी करते हैं। फेस्टिवल सीजन के दौरान गिफ्ट आइटम्स, मिठाई, ड्राई फ्रूट, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, कपड़े, ज्वेलरी, बर्तन, मोबाइल, फर्नीचर जैसी वस्तुओं की सबसे ज्यादा बिक्री होती है। इसके अलावा, पूजा सामग्री, भगवान की मूर्तियां, खिलौने, किचन अप्लायंसेस, सौंदर्य प्रसाधन, और कई अन्य चीजों की भी मांग रहती है।होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग, इवेंट मैनेजमेंट, कैब सर्विस और डिलीवरी सर्विस जैसी सेवाओं को भी इस सीजन में अच्छा व्यापार मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से लोकल प्रोडक्टस खरीदने की अपील की है, और इसका असर दिख रहा है। कैट ने व्यापारियों से स्थानीय निर्माताओं और कारीगरों का समर्थन करने को कहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान और वोकल फॉर लोकल' मंत्र के कारण चीनी सामान की मांग घट रही है और दिवाली से पहले ही भारतीयों ने चाइना का दिवाला निकाल दिया है। खबर है कि दिवाली से पहले चीन को बड़ा झटका लगा है और चीनी सामानों के बहिष्कार से ड्रैगन को अभी तक करीब 60 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की माने तो चाइना के सामानों के बहिष्कार के उसके आह्वान से चीन को इस त्योहारी सीजन में 60 करोड़ रुपये के व्यापार के नुकसान का अनुमान है जबकि इस दौरान घरेलू स्तर पर ग्राहकी बढ़ने से अर्थव्यवस्था में 3.5 लाख करोड़ रुपये की संभावना है।

सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि जब से प्रधानमंत्री ने बाहर की वस्तुओं की जगह अपने देश में निर्मित खास तौर पर शिल्पकारों और कुटिर उद्योगों में बनाई गई चीजों को खरीदने और उसको खरीदने के लिए अपने आस पास के लोगों को प्रेरित करने का आह्वान किया है तब से लोग चीनी सामान खरीदने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। इसके कारण भारतीय सामान की मांग बढ़ी है जबकि चीनी वस्तुओं की बिक्री में भारी गिरावट आई है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कैट की अनुसंधान शाखा, कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा कई राज्यों के 20 शहरों में किए गए एक हालिया सर्वेक्षण में पाया गया कि इस साल अब तक कई भारतीय व्यापारी या आयातकों ने चीन को इसे दिवाली पर पटाखों या अन्य सामानों का ऑर्डर नहीं दिया गया है और इस साल दिवाली को विशुद्ध रूप से भारतीय दिवाली के रूप में मनाया जाएगा।जिन 20 शहरों ने चीन को कोई आर्डर नहीं दिया है, वो हैं- नई दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, नागपुर, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, रायपुर, भुवनेश्वर, कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, पटना, चेन्नई, बेंगलूरु, हैदराबाद, मदुरै, पांडिचेरी, भोपाल और जम्मू।यानी लक्ष्मी- गणेश की मूर्ति हो या लाइट की लड़ियां, दिवाली में गिफ्ट के तौर पर देने वाले क्रॉकरी आइटम्स हों या देवी-देवताओं की तस्वीर या सीनरीज देश की जनता ने चीनी सामानों का बहिष्कार कर इस साल दिवाली को विशुद्ध रूप से हिंदुस्तानी दिवाली के रूप में मनाने का फैसला कर लिया है।

वाराणसी में प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना के शुभारंभ के बाद जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि हमें इस दिवाली में भी अपने स्थानीय कामगारों का ख्याल रखना है। हम जितना अधिक वोकल फॉर लोकल' होंगे, उतना ही हमारे परिवारों में खुशहाली आएगी। उन्होंने लोगों से धनतेरस से दिवाली तक स्थानीय उत्पादों की खरीदारी का आह्वान किया था । इसके साथ यह भी कहा कि लोकल का मतलब सिर्फ मिट्टी के दीये नहीं हैं। भरतिया ने कहा कि हर साल राखी से नए साल तक के 5 महीने के त्योहारी सीजन के दौरान भारतीय व्यापारी और निर्यातक चीन से लगभग 70 हजार करोड़ रुपये का माल आयात करते हैं। लेकिन इस वर्ष राखी उत्सव के दौरान चीन को लगभग 5000 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ और गणेश चतुर्थी में 500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और यही प्रवृत्ति दिवाली में भी देखे जाने के बाद यह तय हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्म निर्भर भारत को लोगों का भरपूर साथ मिल रहा है। इसी का नतीजा है कि न केवल व्यापारी हैं जो चीनी सामानों का बहिष्कार कर रहे हैं बल्कि उपभोक्ता भी चीन से बने उत्पादों को खरीदने के इच्छुक नहीं हैं।

इस बार मुंबई में भी दिवाली पर पर्यावरण के अनुकूल और भारत में बने उत्पादों का चलन दिख रहा है और मुंबईवासी शहर के कुछ प्रसिद्ध बाज़ारों में त्योहार के लिए ऐसी आवश्यक वस्तुएं खरीद रहे हैं, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं हों। बाजारों में मोमबत्तियों से लेकर दीयों और रंगोलियों से लेकर लालटेनों तक दिवाली से संबंधित सामग्री की भरमार है और इस बार जोर भारत में बने उत्पादों पर है। मुंबई के पश्चिमी उपनगर माहिम की एक गली को कंदील लेन के नाम से जाना जाता है। यह अपनी लालटेन की दुकानों के लिए जानी जाती है और रोशनी के त्योहार से पहले जगमग हो उठी है। विभिन्न आकारों, रंगों और शैलियों के लालटेन बेचने वाली दुकानों से सजी यह गली त्योहार के दौरान गुलजार रहती है।दुकानदारों के मुताबिक इस साल कपड़े, कागज और गत्ते से बने लालटेन की मांग ज्यादा है। लालटेन लेन में एक दुकानदार वैभव कहते हैं, हम कागज और कपड़े से बने लालटेन बेचते हैं, क्योंकि ग्राहक यही चाहते हैं। प्लास्टिक और थर्माकोल से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अधिक जागरूकता है, इसलिए लोग पर्यावरण-अनुकूल लालटेन खरीद रहे हैं।

दुकानदारों का कहना है कि लोग भारत में बने उत्पादों और स्थानीय उत्पाद खरीदना चाहते हैं। लेन की एक अन्य दुकानदार स्वाति कहती हैं, ''ग्राहक स्थानीय स्तर पर बनी वस्तुएं खरीदना चाहते हैं और चीन में निर्मित उत्पादों में उनकी रुचि नहीं है।'' पर्यावरण-अनुकूल और भारत-निर्मित लालटेन के चलन से पता चलता है कि लोग पर्यावरण के बारे में जागरूकता बढ़ाकर खरीदारी कर रहे हैं। धनतेरस जाकर आज दिवाली का त्योहार दस्तक दे रहा है। लेकिन बाजारों में इन त्योहारों को लेकर रौनक पहले से ही छाई हुई है। माना जा रहा है कि इस बार दिवाली शॉपिंग के लिए बाजारों में और ज्यादा से ज्यादा भीड़ उमरने वाली है। जिसके चलते उम्मीद है कि इस वर्ष दिवाली पर 2.5 लाख करोड़ रुपये की खरीदारी देखने को मिली सकती है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) के मुताबिक दिवाली की त्योहारी खरीद एवं अन्य सेवाओं के जरिये लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये की नगदी बाजार में आने की उम्मीद है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल के मुताबिक केंद्र सरकार के डीए में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी और रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस देने का जबरदस्त फायदा मिलने वाला है क्योंकि इससे लोग खरीदारी करने के लिए प्रेरित होंगे जिसका फायदा व्यापारियों और अर्थव्यवस्था को मिलेगा। कैट के मुताबिक दिवाली उत्सव के कारोबार में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्ज करने की उम्मीद है तो दिवाली से संबंधित यात्राओं एवं अन्य सेवाओं के उपयोग पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने की उम्मीद की जा रही है।

इससे पहले ऑटोमोबाइल क्षेत्र के संगठन फाडा द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, नवरात्रि की अवधि के दौरान ऑटोमोबाइल की कुल खुदरा बिक्री में 57 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई। ये आंकड़े इस बात की ओर संकेत कर रहे हैं कि इस त्योहारी सीजन में लोग भारतीय मालों जबरदस्त शॉपिंग कर रहे हैं। बताया जाता है कि 40 हजार से अधिक देश भर के व्यापारी संगठन भारत में ही बनी घर के सजावट के सामान, दिवाली पूजा के सामान जिसमें मिट्टी के दीये, देवता, दीवार पर लटकने वाले, हस्तशिल्प के सामान, देवी लक्ष्मी और श्री गणेश जी की पूजा का सामान, जो स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और कुशल कलाकारों द्वारा बनाई गई है उसे बड़ा बाजार देने का काम कर रहे है इससे भी चीन को इस वर्ष भारी फटका लगेगा।

## नजरिया

# त्यौहारी सीजन में सेहत पर मंडराया मिलावट का खतरा

**बाल मुकुन्द ओझा**

**हम जो भी पदार्थ सेवन कर रहे हैं चाहें वे खाद्य पदार्थ हो या दूसरे, सब में मिलावट ही मिलावट हो रही है। मिलावट ने अपने पैर जबरदस्त तरीके से फैला लिए हैं। दूधिए की मिलावट तो एक उदाहरण के रूप में है। मगर आज हर वस्तु में मिलावट से हमारा वातावरण प्रदूषित और जहरीला हो उठा है। दूध, मावा, घी, हल्दी, मिर्च, धनिया, अमचूर, सब्जियां, फल आदि सभी मिलावट की चपेट में है। आज खाने पीने सहित सभी चीजों में धड़ले से मिलावट हो रही है।, ऐसा कोई भोज्य पदार्थ नहीं है, जो जहरीले कीटनाशकों और मिलावटों से मुक्त हो। बाजार में पपीता, आम और केला, सेव अनार जैसे फलों को कैल्शियम कार्बाईड की मदद से पकाया जाता है।**



देश में त्यौहारी सीज़न शुरू हो गया है। दीपावली तक त्यौहारों की धूम है। त्यौहारी सीजन की श्रृंखला 24 अक्टूबर को अहोई अष्टमी से शुरू होकर 13 नवम्बर को तुलसी विवाह के साथ समाप्त होंगी। इस बीच धनतेरस, दिवाली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पूजा जैसे देश के सबसे बड़े त्यौहारों की धूम होंगी। इस अवसर पर गरीब और अमीर सभी वर्ग के लोग अपने सामर्थ्य के अनुरूप घर की साफ सफाई, नए कपड़े, सोने चांदी के सामान के साथ मिठाइयां बनाने और खरीदने में व्यस्त हो जाते है। इस दौरान घर घर में मीठे पकवान बनते है। दीपावली व अन्य पर्वों पर बिकने वाली मिठाइयों की तैयारियां भी जोरों पर हैं, लेकिन बाजार में बिकने वाली मिठाई कितनी शुद्ध होगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है। बड़े से लेकर छोटे शहरों और ग्रामों में मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं। दूध से लेकर खोया और घी, तेल तक में मिलावट की जाती है। त्योहारी सीजन शुरू होते ही मिलावटिये भी सक्रीय होकर आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते है। त्योहार आये और मिलावटिए सक्रिय न हो ऐसा हो नहीं सकता। अब तो मिलावट और त्यौहार का लगता है चोली दामन का साथ हो गया है। हालांकि देशभर में मिलावटियों पर छापे मारे जा रहे है और मिलावटी सामग्री जब्त की जा रही है। मगर यह छापेमारी ऊंट के मुंह में जीरे के सामान है।

आम आदमी महंगाई के साथ खाद्य पदार्थो में हो रही मिलावट खोरी से खासा परेशान रहता है। हमारे बीच यह धारणा पुख्ता बनती जा रही है कि बाजार में मिलने वाली हर चीज में कुछ न कुछ मिलावट जरूर है। लोगों की यह चिंता बेबुनियाद नहीं है। आज मिलावट का कहर सबसे ज्यादा हमारी रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर ही पड़ रहा है। खाने पीने के पदार्थो में मिलावट कोई नयी समस्या नहीं है। मिलावट और खराब उत्पाद बेचे जाने की खबरें आम हो चुकी हैं। साल-दर-साल इसका दायरा व्यापक होता जा रहा है। खाद्य पदार्थों में मिलावट ने हमारा जीना हराम कर रखा है। हर चीज में मिलावट ने हमारी जिंदगी की रफ्तार को अवरुद्ध कर दिया है। शरीर का हर हिस्सा जैसे मिलावट से कराह रहा है। जितनी चोटें युद्ध भूमि में राणा सांगा ने नहीं खाई होंगी उतनी हम मिलावटी वस्तुओं से रोज ही खा रहे हैं। इसका मतलब बिलकुल साफ है कि हमारा शरीर पूरी तरह मिलावटी हो गया है।

खाद्य पदार्थों में अशुद्ध, सस्ती अथवा अनावश्यक वस्तुओं के मिश्रण को मिलावट कहते हैं। आज समाज में हर तरफ मिलावट ही मिलावट देखने को मिल रही है। पानी से सोने तक मिलावट के बाजार ने हमारी बुनियाद को हिला कर रख दिया है। पहले केवल दूध में पानी और शुद्ध देशी घी में वनस्पति घी की मिलावट की बात सुनी जाती थी, मगर आज घर-घर में प्रत्येक वस्तु में मिलावट देखने और सुनने को मिल रही है। मिलावट का अर्थ प्राकृतिक तत्त्वों और पदार्थों में बाहरी, बनावटी या दूसरे प्रकार के मिश्रण से है।

मुनाफाखोरी करने वाले लोग रातोंरात धनवान बनने का सपना देखते हैं। अपना यह सपना साकार करने के लिए वे बिना सोचे-समझे मिलावट का सहारा लेते हैं। सस्ती चीजों का मिश्रण कर सामान को मिलावटी कर महंगे दामों में बेचकर लोगों को न केवल धोखा दिया जाता है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया जाता है। मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से प्रतिवर्ष हजारों लोग विभिन्न बीमारियों का शिकार होकर जीवन से हाथ धो बैठते हैं। मिलावट का धंधा हर तरफ देखने को मिल रहा है। दूध बेचने और मिलावट करने वाले से लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ने मिलावट के बाजार पर अपना कब्जा कर लिया है।

सत्य तो यह है कि हम जो भी पदार्थ सेवन कर रहे हैं चाहें वे खाद्य पदार्थ हो या दूसरे, सब में मिलावट ही मिलावट हो रही है। मिलावट ने अपने पैर जबरदस्त तरीके से फैला लिए हैं। दूधिए की मिलावट तो एक उदाहरण के रूप में है। मगर आज हर वस्तु में मिलावट से हमारा वातावरण प्रदूषित और जहरीला हो उठा है। दूध, मावा, घी, हल्दी, मिर्च, धनिया, अमचूर, सब्जियां, फल आदि सभी मिलावट की चपेट में है। आज खाने पीने सहित सभी चीजों में धड़ले से मिलावट हो रही है।, ऐसा कोई भोज्य पदार्थ नहीं है, जो जहरीले कीटनाशकों और मिलावटों से मुक्त हो। बाजार में पपीता, आम और केला, सेव अनार जैसे फलों को कैल्शियम कार्बाईड की मदद से पकाया जाता है। चिकित्सकों के अनुसार यह स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है। फलों को सुनहरा बनाने के लिए पैराफीन वैक्स भी लगाया जाता है। इन फलों को खाने से कैंसर और डायरिया जैसी बीमारियां होती है। डेयरी और कृषि उत्पादों-विशेषकर हरी सब्जियों में ऑक्सिटोसिन का खूब इस्तेमाल हो रहा है। सच तो यह है अधिक मुनाफा कमाने के लालच में नामी कंपनियों से लेकर खोमचेवालों तक ने उपभोक्ताओं के हितों को ताख पर रख दिया है। अगर कोई इन्हें खाकर बीमार पड़ जाता है तो हालत और भी खराब है, क्योंकि जीवनरक्षक दवाइयाँ भी नकली ही बिक रही हैं।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत



अमृतसर में शुक्रवार को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में गुरु रामदास की जयंती की पूर्व संध्या पर धार्मिक जुलूस के दौरान सिखों की पवित्र पुस्तक श्री गुरु ग्रंथ साहिब को अपने सिर पर लेकर चलते हुए एक सिख पुजारी।

# ट्रूडो ध्यान भटकाने के लिए निज्जर की हत्या का कर रहे हैं इस्तेमाल: कनाडा के विपक्षी नेता

**ओटावा/भाषा**

कनाडा के एक विपक्षी नेता ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर अन्य विवादों से ध्यान भटकाने के लिए हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और सरकार से पिछली प्रशासनिक गलती को सुधारने के लिए खालिस्तानी आतंकवादी की नागरिकता मरणोपरांत छीन लेने को कहा है। पीपुल्स पार्टी ऑफ कनाडा के नेता मैक्सिम बर्नियर ने यह भी कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी, जो पूरे विवाद के केंद्र में है, वह एक विदेशी आतंकवादी था, जिसे किसी तरह 2007 में नागरिकता प्रदान कर दी गई थी।

रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने सोमवार को कहा कि उसने जून 2023 में हुई निज्जर की हत्या में, संभावित संदिग्ध के रूप में कनाडा में भारत के उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों की पहचान की थी।

आरसीएमपी ने यह भी कहा कि उसने भारत सरकार के एजेंटों द्वारा कनाडाई लोगों के खिलाफ तेजी से एक अभियान चलाये जाने के सबूत भी पाए हैं।

बर्नियर ने कहा कि अगर यह सच है, तो आरसीएमपी और कनाडा सरकार द्वारा लगाए गए ये आरोप कि भारतीय राजनयिकों की ''हमारे देश में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता रही है, बहुत गंभीर हैं और इससे निपटा जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि, अभी तक हमें कोई सबूत नहीं दिया गया है। और ट्रूडो स्पष्ट रूप से इस संकट का इस्तेमाल अन्य विवादों से ध्यान भटकाने के लिए कर रहे हैं।''

बर्नियर ने कहा कि निज्जर एक विदेशी आतंकवादी था, जिसने कनाडा में शरण लेने के लिए कई बार फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा, ''हालांकि इस भ्रम को दूर किया जाना चाहिए कि इस विवाद का केंद्र बिंदु, खालीस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर, जिसकी पिछले साल हत्या कर दी गई थी, एक कनाडाई था। वह असल में एक विदेशी आतंकवादी था जिसने 1997 से कई बार कनाडा में शरण लेने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया था। उसके आवेदनों को खारिज कर दिया गया था, लेकिन फिर भी उसे इस देश में रहने की अनुमति दी गई और किसी तरह 2007 में उसे नागरिकता प्रदान कर दी गई।'' उन्होंने कहा, ''निज्जर कनाडाई नहीं था। इस प्रशासनिक गलती को सुधारने के लिए कनाडा को मरणोपरांत उसकी नागरिकता छीन लेनी चाहिए।'' बर्नियर ने कहा कि उसे शरण मांगने संबंधी अपने पहले फर्जी आवेदन के बाद ही निर्वासित कर दिया जाना चाहिए था, जैसा कि कनाडा में अभी फर्जी दस्तावेजों के जरिये शरण मांगने वाले हजारों लोगों के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''यह सब इसलिए हो रहा है कि कनाडा ने दशकों से जानबूझकर इन विदेशियों और उनके जातीय झगड़ों को हमारे देश में न्यौता दिया है।

हमें इस बड़ी गलती को समझना चाहिए और इस मुद्दे पर एक उभरती विश्व शक्ति और एक महत्वपूर्ण सहयोगी के साथ अपने संबंधों को खतरे में डालने के बजाय समाधान तलाशने के लिए भारत सरकार के साथ काम करना चाहिए।''

## संबोधन



अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद शेख अब्दुल रशीद, जिन्हें आमतौर पर इंजीनियर रशीद के नाम से जाना जाता है, शुक्रवार को श्रीनगर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए।

# बधिर लोगों के लिए रेल यात्रा में एआई सक्षम संकेत भाषा हो सकती मददगार

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
dakshinbharat.com

सिडनी। बधिर लोगों के लिए रेल यात्रा काफी कष्टकारी हो सकती है। आम दिनों में कुछ भी गलत नहीं होता और वे आसानी से रेलगाड़ी में सवार होकर अपने गंतव्य तक जा सकते हैं। लेकिन असमान्य स्थिति होने पर स्थिति तेजी से भयानक हो सकती है क्योंकि अधिकतर अद्यतन जानकारी की ध्वनि माध्यम से उद्घोषणा की जाती है। बधिर यात्रियों की ट्रेन छूट सकती है क्योंकि आपात स्थिति में उनका प्लेटफार्म बदला जा सकता है या वे अपने स्टेशन पर उतर नहीं पाएंगे, अगर उस दिन ट्रेन किसी कारणवश न रूके।

वे आपात स्थिति में अन्य सभी के बाहर निकल जाने के बाद भी रेलगाड़ी के डिब्बे में रह सकते हैं और स्टेशन कर्मचारियों को उन्हें बचाने के लिए आगे आना पड़ सकता है।

इनमें से प्रत्येक उदाहरण सिडनी के बधिर लोगों के वास्तविक जीवन के अनुभवों से लिया गया है।लेकिन मैं और मेरे सहकर्मी सिडनी रेलसेवा और ऑस्ट्रेलियाई बधिर समुदाय के सदस्यों के साथ मिलकर एक उन्नत, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-संचालित सांकेतिक अवतार विकसित करने पर काम कर रहे हैं, जो ऑडियो घोषणाओं को स्वचालित रूप से 'ऑसलन' (ऑस्ट्रेलियाई संकेत भाषा) में अनुवाद कर सकता है।

हम इस अवतार के अगल चरण की ओर भी बढ़ रहे हैं ताकि ऐसी एआई प्रणाली विकसित की जाए जो 'ऑसलान' को ''समझ'' भी सके।

इस वर्ष की शुरुआत में, मैंने और मेरे सहकर्मियों ने सिडनी में तीन बधिर रेल यात्रियों के साथ एक शुरुआती अध्ययन किया।

# भारत, कनाडा के बीच तनाव का सिखों पर असर पड़ेगा : एनएपीए

**चंडीगढ़/भाषा**

सिखों के एक संगठन ने शुक्रवार को कहा कि भारत और कनाडा के बीच, विशेषकर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर जारी हालिया कूटनीतिक तनाव का सिख समुदाय के लोगों पर गहरा असर पड़ा है।

नॉर्थ अमेरिकन पंजाबी एसोसिएशन (एनएपीए) के कार्यकारी निदेशक सतनाम सिंह चहल ने कहा कि इस घटना ने समुदाय के भीतर पहले से मौजूद असुरक्षा और अलगाव की भावना को और बढ़ावा दिया है, जिससे सिख प्रवासी परिवारों की पहचान, राजनीतिक मान्यताओं और सामाजिक संबंधों पर असर पड़ा है।

इस सप्ताह की शुरुआत में भारत ने कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था और निज्जर की हत्या में एक राजदूत की संलिप्तता से संबंधित कनाडा के आरोपों को खारिज करते हुए कनाडा में अपने उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा को वापस बुला लिया था।

पिछले साल जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।चहल ने कहा कि निज्जर की घटना ने सिख समुदाय के भीतर पहले से मौजूद अलगाव की भावना को और बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि समुदाय के कुछ सदस्य कनाडा सरकार के रुख को मानवाधिकारों की वैध रक्षा के रूप में देखते हैं, जबकि अन्य इसे भारत की संप्रभुता का अपमान मानते हैं। उन्होंने कहा कि यह ध्रुवीकरण परिवारों और समाज में दरार पैदा कर सकता है जिसके कारण जोरदार बहस और मनमुटाव की स्थिति पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि खुफिया एजेंसियों की संलिप्तता और राजनीतिक हिंसा के आरोप ने कई सिखों, विशेषकर अपनी राजनीतिक मान्यताओं के बारे में मुखर रहे लोगों में डर की भावना पैदा हो गई है।



# 'सिटाडेल' में दिखेगा वरुण और सामंथा का जबरदस्त एक्शन

**मुंबई/एजेन्सी**

वरुण धवन अपनी आगामी एक्शन वेब सीरीज 'सिटाडेल: हनी बनी' से धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। सीरीज में वरुण के साथ मुख्य भूमिका में दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु हैं। वरुण ने सोशल मीडिया पर 'सिटाडेल' से पर्दे के पीछे की रोमांचक तस्वीरों को प्रशंसकों के साथ साझा किया है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नई तस्वीरें साझा की हैं। साझा की गई तस्वीरों में 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' स्टार सामंथा रूथ प्रभु के साथ एक्शन में नजर आ रहे हैं। पहली तस्वीर में वरुण एक गन पकड़े नजर आ रहे हैं। बीटीएस तस्वीरों में से एक में वह सामंथा के साथ जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस करते दिखे। वरुण-सामंथा बंदूक थामे गुंडों से लड़ाई करते नजर आ रहे हैं। तस्वीरों को इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा कर अभिनेता ने कैप्शन में लिखा 'आजादी मुफ्त नहीं है हनी बनी'। यह वेब सीरीज अमेरिकी जासूसी- एक्शन सीरीज 'सिटाडेल' का स्पिन-ऑफ है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन मुख्य भूमिका में नजर आए थे। फिल्म का ट्रेलर 15 अक्टूबर को मुंबई में एक इवेंट में रिलीज किया गया था।

सीरीज का निर्देशन राज और डीके ने किया है। सीरीज में वरुण धवन, सामंथा रूथ प्रभु के साथ केके मेनन, साकिब सलीम और सिकंदर खेर समेत अन्य कलाकार अहम रोल में हैं। वेब सीरीज 'सिटाडेल' 7 नवंबर को प्राइम वीडियो इंडिया पर रिलीज होने वाली है। इस बीच वरुण धवन के आगामी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो उनकी झोली में अनुराग सिंह की युद्ध ड्रामा 'बॉर्डर 2' है, जिसमें उनके साथ सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी हैं। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी, 2026 को रिलीज होगी। आगामी भारतीय जासूसी-एक्शन सीरीज 'सिटाडेल' वरुण और सामंथा की एक साथ पहला प्रोजेक्ट है। वहीं, सामंथा का राज और डीके के साथ यह दूसरा प्रोजेक्ट है। इससे पहले सामंथा ने वेब सीरीज 'द फैमिली मैन 2' में साथ काम किया था।

# रजनीकांत की फिल्म 'वेट्टैयन' ने पहले सप्ताह में 119 करोड़ की कमाई की


**मुंबई/एजेन्सी**

दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म 'वेट्टैयन' ने भारतीय बाजार में अपने पहले सप्ताह के दौरान 119 करोड़ रूपये की कमाई कर ली है। जे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म 'वेट्टैयन' में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है।इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आयी है। फिल्म वेट्टैयन रिलीज होते ही धुंआधार कमाई करना शुरु कर दिया है। फिल्म को रिलीज हुए सात दिन हो चुके हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'वेट्टैयन' ने रिलीज के पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनो में 82.45 करोड़ रूपये की कमाई की थी। फिल्म ने चौथे दिन 22.3 करोड़ , पांचवे दिन 5.6 करोड़, छठे दिन 4.3 करोड़ और सातवें दिन 4.3 करोड़ की कमाई कर ली है। इस तरह यह फिल्म सात दिनों में भारतीय बाजार में करीब 119 करोड़ रूपये की कमाई कर चुकी है।इस फिल्म की कहानी एक पुलिस अधिकारी के ऊपर आधारित है।

## स्वागत



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ का शुक्रवार को चंडीगढ़ पहुंचने पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया द्वारा स्वागत किया गया।



# एंजेलिना जॉली को 'सांता बारबरा फिल्म फेस्टिवल' में सम्मानित किया जाएगा

लास एंजिलिस। हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जॉली को 'सांता बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' (एसबीआईएफ)-2025 में 'माल्टिन मॉडर्न मास्टर अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने इस आशय की घोषणा की। मनोरंजन समाचार के केंद्र 'वैरायटी' के अनुसार, इस पुरस्कार की स्थापना 1995 में उन फिल्म निर्माताओं को सम्मानित करने के लिए की गई थी, जिनके महत्वपूर्ण योगदान से फिल्म उद्योग में बदलाव आए हैं। एसबीआईएफ के संचालक और फिल्म समीक्षक लियानार्ड माल्टिन ने कहा, ''एंजेलिना जॉली एक अभिनेत्री और एक निर्देशक दोनों ही क्षेत्रों में हमेशा सफल रही हैं। मैं सांता बारबरा में उनके साथ उनके कॅरियर पर बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं।'' जेमी ली कर्टिस, निकोल किडमैन, जेवियर बार्डेम, रॉबर्ट डाउनी जूनियर, डेंजेल वाशिंगटन, कैट ब्लैंचेट, जॉर्ज क्लूनी, क्रिस्टोफर प्लमर, क्रिस्टोफर नोलान, जेम्स कैमरून, क्लिंट ईस्टवुड और पीटर जैक्सन पूर्व में माल्टिन मॉडर्न मास्टर पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। सांता बारबरा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 40वां संस्करण चार से 15 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। जॉली ने 1999 की फिल्म 'गर्ल, इंटरप्टेड' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री ऑस्कर अवार्ड प्राप्त किया था और अब वह पाब्लो लारैन की फिल्म 'मारिया' में नजर आएंगी।

# पिता के लिए बेहद भावुक हैं यामी गौतम

**मुंबई/एजेन्सी**

अभिनेत्री यामी गौतम अपने पिता मुकेश गौतम के राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने से बेहद खुश हैं। सोशल मीडिया पर अपने पिता की प्रशंसा करने के बाद अभिनेत्री ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर पिता के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ दो तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर यामी गौतम ने बताया कि वह अपने पिता के राष्ट्रीय पुरस्कार पाने पर काफी खुश हैं। इसके साथ ही वह इस पल को लेकर वह भावुक भी हैं। यामी गौतम के पिता मुकेश गौतम ने अपनी फिल्म 'बागी दी धी' के लिए सर्वश्रेष्ठ पंजाबी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अभिनेत्री ने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा 'काश मैं बता पाती कि इस समय मेरा दिल कितना खुश और भावुक है।' 'मेरे पिता मुकेश गौतम का राष्ट्रीय



पुरस्कार जीतना, इस बात का सच्चा प्रमाण है कि समय की कसौटी पर खरा उतरने और इसे साकार करने के लिए आपको किसी और की नहीं बल्कि अंतरात्मा की जरूरत होती है।' 'मेरे पिता की नैतिकता, काम के प्रति जुनून और जीवन में ईमानदारी उनकी सबसे बड़ी संपत्ति है और उनके बच्चों के लिए सबसे महत्वपूर्ण विरासत भी है।'

यामी ने बताया 'मेरे सबसे अच्छे मार्गदर्शक होने से लेकर ट्रेन में अकेले चढ़ने के लिए सबसे स्पष्ट निर्देश देना हो, सफर के दौरान उनके कुछ सबसे यादगार अनुभव, चाहे कितनी भी कठिन परिस्थितियां रही हों, अपना सर्वश्रेष्ठ देने की क्षमता, हर हाल में खुश रहना हमें आपने ही सिखाया।' आर्टिकल 370 अभिनेत्री ने कहा 'मेरे पिताजी ने कभी किसी से मेरी सिफारिश नहीं की, क्योंकि उन्होंने बहुत स्पष्ट रूप से कहा था कि उनकी तरह ही कठिनाइयों से भरी यह मेरी अपनी यात्रा होगी।' 'मुझे अपने श्रम का सबसे अच्छा फल मिलेगा।' 'वह हमेशा मेरे भाई-बहनों के साथ खड़े रहे हैं और हर तरह से हमारी रक्षा की है।'

# मुंबई में एक इवेंट के लिए पहुंची अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा

**मुंबई/एजेन्सी**

इन दिनों वैश्विक स्ट्रीमिंग सीरीज 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन की शूटिंग में व्यस्त अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस मुंबई में एक इवेंट के लिए पहुंची। अभिनेत्री को सफेद कार्गो, सफेद टी-शर्ट और ग्रे बेसबॉल कैप पहने देखा गया। अभिनेत्री छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट मुंबई के टर्मिनल 2 पर पपराजी को हाथ हिलाकर अभिवादन करते नजर आई। एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया कि अभिनेत्री एक ब्रांड एंगेजमेंट के लिए मुंबई में हैं। यह भी पता चला है कि अभिनेत्री इस महीने शहर में होने वाले फेस्टिवल की अध्यक्ष होने के बावजूद मामी फिल्म फेस्टिवल में शामिल नहीं होंगी। इससे पहले अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ अपना रूटीन शेयर किया था। इसके साथ ही उन्होंने कई सारी तस्वीरें शेयर की थी। तस्वीरों में उन्हें 'सिटाडेल' की शूटिंग में व्यस्त दिखाया गया था, उनकी बेटी शो के सेट पर उनसे मिलने आई थी, अभिनेत्री अपनी बेटी के साथ खेल रही थी। पिक्स और शॉट्स ज्यादातर 'सिटाडेल' के लोकेशन से हैं। प्रियंका ने बताया है कि इस बार कैसे उनका किरदार नादिया कुछ अलग होगा। प्रियंका ने 1



से लेकर 15 तक तस्वीरें और छोटे वीडियो शेयर किए हैं। इससे पहले अभिनेत्री ने अपने बचपन की तस्वीर और अपने करियर के शुरुआती दौर की एक तस्वीर का एक थ्रोबैक कोलाज साझा किया था।

# स्टार परिवार अवॉर्ड्स के लिए उत्साहित रहती हैं श्रीतमा मित्रा

**मुंबई/एजेन्सी**

जानीमानी अभिनेत्री श्रीतमा मित्रा का कहना है कि जब से स्टार परिवार अवॉर्ड्स शुरू हुआ है, वह हमेशा से इसके लिए उत्सुक और उत्साहित रही हैं और इस साल इसका हिस्सा बनना उनके लिए एक अद्भुत और भाग्यशाली अनुभव रहा है। स्टार परिवार अवार्ड का रेड कार्पेट एक शानदार इवेंट था, जहां स्टार प्लस के सारे कलाकारों ने अपने सबसे स्टाइलिश और अनोखे अंदाज वाले आउटफिट में चमक बिखेरी है। राजन शाही, रूपाली गांगुली, गौरव खन्ना, समृद्धि शुक्ला, रोहित पुरोहित, भाविका शर्मा, हितेश भारद्वाज, अंकित गुप्ता, ऋतुजा बागवे, अंकित रायजादा, श्रीतमा मित्रा, क्रुशाल आहूजा, हिबा नवाब, अक्षित सुखीजा, अदिति त्रिपाठी, सोनाक्षी बत्रा, फहमान खान , और विजयेंद्र कुमेरिया जैसे कलाकार स्टार परिवार अवॉर्ड्स 2024 में रेड कार्पेट पर नजर आए।

इस साल स्टार परिवार अवॉर्ड्स की थीम टेलीविजन की सबसे बड़ी शादी है। सचिन और साइली की शादी है। यह एक ग्रैंड इवेंट था जिसमें स्टार परिवार के कलाकारों ने कई परफॉर्मेंस दीं। इनमें स्टार प्लस की अंकित रायजादा, जो अमन सिंह राजपूत का किरदार निभा रहे हैं, और श्रीतमा मित्रा, जो एडवोकेट अंजलि अवस्थी शो में अंजलि का किरदार निभा रही हैं, की जोड़ी ने खूबसूरत परफॉर्मेंस दी है। उन दोनों ने ऐवयी ऐवयी गाने पर परफॉर्म किया और उन्हें देखना सचमुच बेहद मजेदार था। स्टार प्लस के शो एडवोकेट अंजलि अवस्थी में अंजलि अवस्थी का किरदार निभाने वाली श्रीतमा मित्रा ने कहा,जब से स्टार परिवार अवॉर्ड्स शुरू हुआ है, मैं हमेशा इसके लिए उत्सुक और उत्साहित रही हूं। इस साल इसका हिस्सा बनना मेरे लिए एक अद्भुत और भाग्यशाली अनुभव रहा है। रेड कार्पेट और मुख्य कार्यक्रम की रात में शामिल होना मेरा पहला मौका था और यह वास्तव में अनूठा था। मैंने अपने को-स्टार अंकित रायज़ादा, जो अमन सिंह राजपूत की भूमिका निभा रहे हैं, के साथ 'ऐंवयी ऐंवयी' गीत भी प्रस्तुत किया। यह निश्चित रूप से याद रखने वाली रात थी और इसने जादुई क्षण बनाए जिन्हें मैं जीवन भर संजो कर रखूंगी।



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
चेन्नई | शनिवार | 19-10-2024 /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

परमात्मा ने आत्म तत्व को प्रकट करने के लिए जो मार्ग अपनाया, वह अति कठिन था। आज दूसरों की प्रशंसा करना कठिन है लेकिन स्वयं की प्रशंसा करना उतना ही सरल है। परमात्मा ने तप साधना की लेकिन अपने समीप रहे। जो धर्म में स्थिर हैं, मोक्ष पाना चाहता है, ऐसे मनुष्य को इससे बढ़कर त्याग करना कोई बाधा नहीं है। जो वीतरागी है, उनके भीतर चैतन्य रहता है। इस प्रकार आर-पार के संसार को जानकर सबसे सुरक्षित कर लिया।

# साधु ज्ञान, दर्शन, चारित्र के गुणों से सम्पन्न होते हैं : युवाचार्य महेंद्र ऋषि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** यहां के एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी के सान्निध्य में शुक्रवार को नवपद के पांचवें, साधु पद के गुणों की व्याख्या, आराधना काउसग्ग मुद्रा में ध्यान के माध्यम से हुई। जो सज्जन हो, गुणों से युक्त हो, आत्मा में रमण करे, कषायों, गलतियों से मुक्त हो, पांच महाव्रतों का पालन करे, वह साधु है। साधु के अनेक पर्याय हैं। मुनि यानी जो मौन रखे, भिक्षु यानी जो भिक्षा संजीवन का यापन करे।

साधु पद पर रोशनी डालते हुए युवाचार्यश्री ने कहा कि जिनशासन ने सब समस्याओं का समाधान दिया है। पंच परमेष्ठि पद के गुणों की आराधना से हर समस्या का समाधान सहज प्राप्त हो जाएगा। हम सौभाग्यशाली है कि नवपद का स्वाध्याय वर्ष में दो बार हमें मिलता है। नमो लोएसव्वसाहुणं यानी जगत में जितने साधु है, उन सबको वंदन, नमन। समग्र विश्व की पवित्र ऊर्जा को अपने आप में समेटने वाला, समग्र ऊर्जा के साथ कनेक्ट कराने वाला, चेतना को जोड़ने वाला, अरिहंत, आचार्य, उपाध्याय की पृष्ठभूमि जोड़े कोई भी जीवात्मा साधु बने, वह आचार्य, उपाध्याय, सिद्ध बनते हैं। इस लक्ष्य तक पहुंचने का पहला पड़ाव साधु पद हैं। जितनी भी साधु आत्माएं हैं, साधना के पथ पर है। भौतिक जगत की ओर आकर्षित हुई चेतना को अन्तर की ओर मोड़ने वाली जिनके जीवन का अभिन्न अंग है, ऐसे साधु भगवंत को नमन। जो अपने शरीर को प्रयोगशाला मानकर उसकी शक्तियों के उपयोग पर प्रयोग करता है, चाहे वह सुनना हो, देखना हो, चखना या स्पर्श करना हो, चाहे मनमोहक रुप हो या वीभत्स रूप। जो बाहरी तत्वों में न उलझकर अपने आपको साधता है, उसी में साधु पद तत्व रहता है। साधु वह, जो ज्ञान आराधना में संलग्न है। ज्ञान मात्र शब्द का नहीं, ग्रंथ का नहीं, परिस्थिति का नहीं, इनमें रहे हुए सत्य को समझना होता है। उनके भावों को आत्मसात करना होता है। आचार्यों ने कहा ज्ञान वह, जो उपादेय, हेय का बोध कराता है। यह सामर्थ्य मात्र ज्ञान से आता है। वह ज्ञान शक्ति सामान्य व्यक्ति को पंच परमेष्ठि पद में आरुढ करा देती है। उस पद के योग्य बनाती है। ज्ञान साधना, विवेक, सत्य को सत्य जानना, असत्य को असत्य जानना, मान्यताओं से हटकर ज्ञान की ओर आना। ज्ञान पद की आराधना साधक को साधुत्व का स्थान देती है। उस ज्ञान गुण को नमस्कार।

उन्होंने कहा जिसके भीतर दर्शन गुण प्रकट हो जाता है, वह शास्वत सुख के लिए सतत् पुरुषार्थ करता है। वह तात्कालिक सुखों में उलझता नहीं। परमात्मा के वचनों में गहरी आस्था रखता है। जो अपने समान संसार के सभी जीवों में चेतना का अनुभव करता है, वह दर्शन गुण है। उस दर्शन गुण को नमन। ज्ञान, दर्शन के बिना चारित्र नहीं। जो साधु का ज्ञान, दर्शन गुण का मूल स्वरूप है, उस स्वरूप को समझें। बाह्य परिवेश मात्र बाहरी पहचान है। साधु ज्ञान, दर्शन, चारित्र गुणों से सम्पन्न है।

उन्होंने कहा अनादिकाल से अंदर जो कर्मों का बोझ है, उसे हल्का करने का पुरुषार्थ करने वाला चारित्र है। स्वयं का चारित्र अपने आप साथ रहना आ गया तो चारित्र का गुण प्रकट हो गया। यह चारित्र का गुण साधुत्व का सबसे बड़ा अलंकार है। उस चारित्र गुण को नमन। उस चारित्र को नमन, जिसकी आराधना से मोक्ष की ओर अग्रसर होते हैं। तप को नमन, जो ध्यान, स्वाध्याय, कायोत्सर्ग, प्रायश्चित्त, विनय से लेकर अनशन तक का प्रत्येक रुप एकांत कर्मनिर्जरा कराता है। यह कर्मों से कलुषित चेतना को निर्मल बनाने वाला है, अनेक चिंताओं से मुक्त कराने वाला है, रोगों से बचाव करने वाला है। साधु पद नवपद में बीचोबीच है। चार गुणों से साधुत्व प्रकट होता है। वह विकसित साधुता क्रमशः आगे बढ़ते हुए सिद्ध पद तक पहुंचती है। नवपद की आराधना जीवन में हमें भी ज्ञान, चारित्र, तप की साधना करते हुए सिद्ध पद तक पहुंचने की शक्ति प्रदान करे। राकेश विनायकिया ने सभा का संचालन किया।



# 'सकर्म की गति न्यारी व विचित्र है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के हनुमंतनगर स्थित मरुधर केसरी दरबार में धर्मसभा को धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने श्रद्धालुओं को धर्मसमा में अंजना सती चारित्र के माध्यम से कहा कि कर्म की गति न्यारी है, विचित्र है। राम, कृष्ण, महावीर वहीं चन्दनबाला जैसी महान सती, नल-दमयन्ती, सीता, द्रौपदी आदि जैसी महान आत्माओं, सतियों, महापुरुषों को भी कर्म ने नहीं छोड़ा तो. हम जैसे संसार में सामान्य शरीर धारियों की क्या बिसात हैं? कर्म राजा हो या रंक, अमीर हो चाहे गरीब, छोटा हो या बड़ा ये कर्म किसी को भी छोड़ने वाले नहीं हैं। अपने किये कर्मों का भुगतान हमें स्वयं ही करना पड़ता है। दूसरा कोई इसमें चाहकर भी भागीदार नहीं बन सकता है।

प्रारंभ में साध्वी श्री स्नेहप्रभाजी ने श्रीमद् उत्तराध्ययन सूत्र के सतरहवें अध्ययन पाप श्रमणीय पर सारगर्भित विवेचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि जो अपने नियम, मर्यादा एवं आचार-साधना के प्रति उदासीन रहता हुआ, उपेक्षा भाव रखता है। जो सुविधावादी होता है अपने गुरुजनों की अवज्ञा करता है और रात-दिन प्रमाद में रहकर स्वच्छन बन जो संयम साधना- आराधना से परे हटकर मात्र खाने, पीने और आराम करने में ही रत रहता है वो पाप श्रमण है। इस प्रकार अपनी आत्म साधना में प्रवृत्ति न करता हुआ वाचाल, क्रोधी, अहंकारी, निद्राल, प्रमादी, सम्यक् प्रकार से समिति, गुप्ति की आराधना नहीं करने वाला, यतनापूर्वक प्रवृत्ति संयम में नहीं करने वाला, तप साधना से रहित बनकर जो कलहप्रिय और पाप से नहीं डरता है उसको प्रभु महावीर ने पाप श्रमण बताया हैं। संयम पालना से विपरीत प्रवृत्ति और इनमें संयम को दूषित करने में थे तीन विकृतियां प्रमुख कारण है - मोह का आवेश, प्रमाद और विकारों का उदय । जो भी घटना घटित होती है वो पांच समवाय के कारण होती है यथा काल, क्षेत्र, भाव, भाग्य और पुरुषार्थ । साध्वीश्री जी ने 18 वें संयति संजय राजा के वैराग्यपद, संयम अभयदाता बनने के राजा संयति और मुनि गर्द्धाली के मध्य हुए प्रेरक संवाद पर सारगर्भित प्रकाश डाला। धर्मसभा का संचालन संघ मंत्री सुरेश कुमार धोका ने किया।

# आचार्य हमीरमल की पुण्यतिथि सामायिक दिवस के रूप में मनाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शुक्रवार को यहां साहुकारपेट के स्वाध्याय भवन में आचार्यश्री हमीरमल म.सा की पुण्यतिथि सामायिक दिवस के रुप में मनाई गई। धर्मसभा में जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ तमिलनाडु के कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने आचार्यश्री हमीरमल म.सा के गुण स्मरण करते हुए कहा कि नागौर में नगराज-ज्ञानकुमारी गांधी के यहां जन्में हमीरमल के ऊपर से गयारह वर्ष की वय में ही पिताजी का साया उठ गया। अपनी मातुश्री के संग पीपाड़ शहर में ननिहाल में आपका लालन-पालन हुआ। रत्नवंशीय महासती श्री बरजू म.सा का संयोग मिलने पर आपकी मातुश्री को वैराग्य प्राप्त हुआ व आचार्यश्री रतनचंद्र म.सा के पास बर के समीप ही बिरांटिया ग्राम में अपने पुत्र हमीरमल को दीक्षित करने के पश्चात आचार्य हस्तीमल की मातुश्री रूपादेवी की तरह आप भी दीक्षित हो गयी। नवदीक्षित हमीरमल म.सा के घृत को छोड़कर बाकी चार विगयों का आजीवन त्याग,निरन्तर चार वर्षों तक एकान्तर उपवास की तपस्या, मेवे- मिठाई-फल आदि का त्याग, आजीवन दैनिक रुप से दस द्रव्यों के उपयोग की मर्यादा, एक ही चादर का उपयोग आदि अनेक नियमों का पालन करते थे। आपकी योग्यता को देखते हुए आचार्यश्री रतनचंद्र म.सा ने उन्हें रत्न संघ की भोलावन दी। आचार्य गुमानचन्द्र म.सा के देवलोकगमन पश्चात रत्नवंश के तृतीय आचार्य के रूप में उन्हें जोधपुर में आचार्य पद की चादर ओढ़ाई गई। आपने दीक्षा के पश्चात 39 चातुर्मास गुरुदेव की निश्रा में व आचार्य के रुप में 9 चातुर्मास किये। आपने अनेक ग्रंथो की रचनाएं की आपकी लेखन कला अति सुन्दर थी। चंद्र प्रज्ञप्ति, सूर्य प्रज्ञप्ति, उपदेश रत्नकोष, भगवती हुण्डी,तेरह ढाल आदि अनेक रचनाओं व टीका आदि करते हुए जिनशासन में सुन्दर योगदान आपने दिया। आप शास्त्र लेखन का कार्य करते थे। आपके अनेक ज्ञानी-ध्यानी- तपस्वी संत शिष्य रत्न हुए। नागौर में ही कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा को आपका संथारापूर्वक देवलोकगमन हुआ।

वरिष्ठ स्वाध्यायी आर वीरेन्द्र कांकरिया ने महासती लीलाबाई के प्रवचन ग्रन्थ तेतली पुत्र मे वर्णित तीर्थंकर प्रभु महावीर के गुणगान किए। धर्मसभा में गौतमचंद मुणोत, भाई दीपक व योगेश श्रीश्रीमाल ने जीवन व जैन संकल्प सूत्र, व्रत-नियम- प्रत्याख्यान कराये।



# 'विलक्षण प्रतिभा के धनी है मुनि मलयप्रभसागर'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित मलयप्रभसागरजी ने शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में कहा कि सरस्वती की साधना से ही हमारा अज्ञान दूर होकर सम्यक् ज्ञान की प्राप्ति होती है। सम्यक् ज्ञान से ही हमें सही और ग़लत की पहचान हो सकती है। गुरुवर मलयप्रभसागरजीने गुरुवार को अपने जीवन के बाइसवें वर्ष में प्रवेश किया।

सिर्फ बाईस वर्ष की अल्पायु में संस्कृत में न्याय, व्याकरण, महाभाष्य की उच्च शिक्षा शहर में ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर दादावाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी, महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कुमार रांका, कोषाध्यक्ष रनजीत ललवानी, संघवी विजयराज डोसी, पुखराज कवाड एवं दादावाड़ी ट्रस्ट से जुड़ी समस्त संस्थाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गुरुवर को जन्मदिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विमलनाथ जिनालय में शक्रस्तव महापूजन का आयोजन भी किया गया, जिसमें सकल संघ के सदस्य उपस्थित थे। ट्रस्ट के ललित डाकलिया ने बताया कि मुनिश्री ने आज से ग्यारह वर्ष पूर्व खरतर गच्छाधिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीश्वर जी महाराजा के पास जैन भगवती दीक्षा ग्रहण की थी। इससे पूर्व मरुधर में नागौर चैन्नई निवासी मलयप्रभसागरजी नौ वर्ष की आयु में दो वर्षों तक बचपन में प्रथम नवकार श्रवण करवाने वाले, बचपन से ही संस्कारों का वपन करने वाले गच्छ गणिनी साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी के पास वास करके धार्मिक शिक्षा और संस्कार ग्रहण किए।

मुनिश्री के माता पिता की उनके जन्म के समय से ही प्रबल भावना थी कि आपको जिनशासन में महावीर के सिपाही बनाकर जैन दीक्षा प्रदान करवाएंगे। आपके साथ आपके माताजी ने भी दीक्षा ग्रहण की है जो अभी साध्वीश्री प्रियस्वर्णांजनाश्रीजी के साथ प्रियमुद्रांजनाश्रीजी के नाम से बेंगलूरु में ही चातुर्मासार्थ विराजमान हैं।





# स्नात्र पूजा आयोजन कर जीतो साउथ लेडीज विंग ने शुरु किया अपना कार्यकाल

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । जीतो साउथ लेडीज विंग ने अपने नए कार्यकाल की शुरुआत स्नात्र पूजा से किया गया। शुक्रवार को जीतो कार्यालय में लेडीज विंग की नई अध्यक्ष बबिता रायसोनी के नेतृत्व में नए कार्यकाल की शुरुआत में स्नात्र पूजा का आयोजन किया गया तथा आशीर्वाद लेकर कार्यकाल की शुरुआत की गई। लेडीज विंग के इस पहले कार्यक्रम में महिला सदस्याओं द्वारा विधि विधान से सिमंधर स्वामी महिला मंडल के साथ अनुष्ठान किया गया। नई अध्यक्ष बबिता रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। मुख्य सचिव निधि पालरेचा ने उपस्थित जनों को नई टीम से परिचित कराया। जीतो के नए चेयरमैन रणजीत सोलंकी व मुख्य सचिव नितिन लूनिया ने नए काल की अनूठी व शुभ शुरुआत करने के लिए लेडीज विंग को शुभकामनाएं दी। केकेजी जोन के मुख्य सचिव दिलीप जैन, जेएएफटी सदस्य उदय जैन, जेएलडब्ल्यू संयोजक प्रवीण सोफादिया सहित लेडीज विंग की पूर्व अध्यक्षा ललिता गुलेच्छा, निशा सामर, मधु दोशी, बिंदु रायसोनी, नार्थ विंग की लेडीज अध्यक्ष लक्ष्मी बाफना और सचिव रक्षा छाजेड आदि उपस्थित थे। युवा टीम के अध्यक्ष मेहुल जैन व मुख्य सचिव ऋषभ चोपड़ा ने सक्रिव सहयोग दिया। संयोजिका हेमा सोलंकी और सहसंयोजक निशा कोठारी ने कार्यक्रम का संयोजन किया। इस मौके पर लेडीज विंग उपाध्यक्ष लता बोहरा, संयुक्त सचिव साक्षी नाहर सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित थीं।



# गांधीनगर में शरद पूर्णिमा पर लोगस्स कल्प जप अनुष्ठान का हुआ आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ सभा भवन, गांधीनगर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर लोगस्स कल्प जप अनुष्ठान का आयोजन साध्वीश्री उदितयशाश्रीजी के सान्निध्य में हुआ जिसमें 400 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस मौके पर साध्वीश्री उदितयशाजी ने जीवन में शांति और सुख प्राप्ति के अद्भुत उपाय बताए। उन्होंने बताया कि शुक्ल लेश्या का चंद्रमा निर्मल होता है और इस दिन अमृत की वर्षा होती है। चंद्रमा को औषधिपति भी कहा जाता है, जिससे इस दिन कई जड़ी-बूटियां औषधियों में परिवर्तित हो जाती हैं। साध्वीश्री ने बताया कि चंद्रमा की शीतल रश्मियों के साथ कराए गए इस दिव्य अनुष्ठान से उपस्थित लोगों के तन-मन में अलौकिक ऊर्जा का संचार हुआ है। साधकों ने मंत्रों की दिव्य तरंगों और साधना से मानसिक शांति और सकारात्मकता की अनुभूति की। पहले चरण में साध्वीश्री भव्ययशाजी ने मंत्रों से सदृढ़ कवच का निर्माण करवाया तथा ध्वनि द्वारा नेगेटिविटी का रेचन करवाया । संपूर्ण कार्यक्रम तीन चरण रक्षा-कवच निर्माण, लोगस्स कल्प व अमृत विद्या मंत्रके साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने श्वेत वस्त्रों में विभिन्न अनुष्ठानों में भाग लिया। कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष पारसमल भंसाली, उपाध्यक्ष दिनेश पोखरणा, सभा मंत्री विनोद छाजेड़, कोषाध्यक्ष प्रकाश कटारिया, पूर्व अध्यक्ष बहादुर सेठिया, कन्हैयालाल गिडिया, सुरेश दक, तेयुप जमंत्री राकेश चोरड़िया, पूर्व अध्यक्ष रोहित कोठारी, महिला मंडल अध्यक्षारिजूबाला डुंगरवाल सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# गुरु दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के तेरापंथी सभा ट्रस्ट, राजाजीनगर से अध्यक्ष अशोक चौधरी की अध्यक्षता में लगभग 100 श्रावक-श्राविकाओं ने सूरत जाकर वहां चातुर्मासार्थ विराजित तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें आचार्यश्री महाश्रमणजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। श्रावक श्राविकाओं ने तीन दिवसीय गुरु दर्शन यात्रा संघ में आचार्यश्री की निश्रा में सेवा प्रदान की। पदाधिकारियों ने राजाजीनगर सभा की जानकारी दी तथा गुरुदेव से भवन में प्रतिवर्ष चातुर्मास एवं शेषकॉल में चरित्र आत्माओं का लंबा प्रवास प्रदान करने का निवेदन किया। आचार्यश्री के अलावा अन्य साधु साध्वियों के भी दर्शन कर आशीर्वाद लिया। गुरुदर्शनार्थ संघ के संयोजक सतीश पोरवाड एवं अरविंद गन्ना ने व्यवस्था संभाली।

# 'जागृत जीवन ही सच्चा जीवन है'

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के गणेश बाग में विराजित श्री शिविराचार्य विनयमुनिजी खींचन ने जम्बू दीप प्रज्ञप्ति 16 वां सूत्र पर प्रवचन करते हुए पांच समवाय के स्वरूप को समझाया। काल, स्वभाव, नियति,पूर्व कर्म और पुरुषार्थ ये पांच समवायों के समन्वय से ही इंसान अपना जीवन जी रहा है। अच्छा बुरा जो जीवन है उसमें समवायों के योगदान बिना कोई कार्य की निष्पति (पूर्णता) नहीं हो सकती है, अतएव जागृत जीवन ही सच्चा जीवन है। अच्छे लोग भी जब सत्ता के मद पर चढ़ जाते है तब निम्न बनने में समय नहीं लगता है। गिरना और चढ़ना ये दोनों के भेद को समझें, जब ऊपर से एक पगथिया व्यक्ति चुकता है फिर संभलना बहुत ही मुश्किल हो जाता है कारण नीचे वाले पगथिए भी गिराने में ही भागीदार बनते है, बीच में संम्भलना बहुत ही मुश्किल है। परन्तु चढ़ने में एक एक पगथिए को रेली पकड़ कर चढ़ना पड़ता है। सामान्यतया चढ़ने में शक्ति समझ और पुरुषार्थ भी अति जरूरी होता है। मानव जीवन के लिए सभी चौरासी लाख योनियों के दरवाजे खुले रहते हैं। मनुष्य में सभी प्रकार की अच्छी बुरी योग्यताएं छिपी रहती है। वह जैसा चाहता है वैसा बन सकता है।

जम्बू दीप प्रज्ञप्ति सूत्र में आदिनाथ भगवान और भरत चक्रवर्ती दोनों ही इस कर्मभूमि के और धर्म के आदिकर्ता थे। संघ प्रवक्ता प्रसन्नचंद मांडोत ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री संपतराज मांडोत ने आभार व्यक्त किया।

# 'मंत्र साधना से मिलती है जीवन में उन्नति'

मंड्या/दक्षिण भारत। शहर के तेरापंथ भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री संयमलताजी के सान्निध्य में शरद पूर्णिमा के अवसर पर रात्रिकालीन कार्यक्रम में जप महाअनुष्ठान का आयोजन किया गया। साध्वीश्री द्वारा नवकार महामंत्र के उच्चारण के पश्चात साध्वी वृन्द द्वारा चंदेसु निम्मलयरा, एवं चन्द्र चन्द्रोति चन्द्रेति..... मन्त्रों के उच्चारण के साथ अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। साध्वीश्री ने विधिवत रूप से अनुष्ठान पूर्ण करवाया। साध्वीश्री संयमलताजी ने उपस्थित श्रावक समाज को शरद पूर्णिमा व किए गए मन्त्रों का अर्थ समझाया और कहा इस मंत्र साधना के प्रयोग के अंतर्गत उन्नति, शांति, विशुद्धि भावशुद्धि, और आत्मिक प्रसन्नता की अनुभूति होती है।साध्वीश्री मार्दवश्रीजी ने कहा कि शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा 16 कलाओं से युक्त होता है। लगभग एक घंटा चले इस जप महाअनुष्ठान में श्रावक श्राविकाओं की अच्छी उपस्थित रही। साध्वीश्री मनिषाप्रभाजी, रोनकप्रभाजी सहित सभा व तेयुप के अध्यक्ष, मंत्री आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# निशुल्क रक्तदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के कर्नाटक मारवाड़ी यूथ फेडरेशन एवं संकल्प इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिगनी स्थित एवनप्लास्ट परिसर में निशुल्क रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। श्रीराम जीवन बजाज की स्मृति में आयोजित इस निशुल्क शिविर का उद्घाटन सुनील बजाज, देवांश बजाज, फेडरेशन के मंत्री रणजीत मेहता, शिविर संयोजक राहुल मेहता, किरण, राघवन, नितिन कुमार आदि ने किया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.